सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
गुरूवार, 14 जुलाई 2022
वर्ष-2-अंक 226
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक
# अमर ख्याल
जुनून सच का
(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



खास-खबर

### राष्ट्रपति बना तो सुनिश्चित करूंगा सीएए लागू नहीं हो: यशवंत सिन्हा

**गुवाहाटी।** विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने बुधवार को कहा कि अगर वह निर्वाचित होते हैं तो वह सुनिश्चित करेंगे कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू न हो। सिन्हा ने असम के सांसदों और विधायकों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सीएए को अभी तक लागू नहीं कर पाई है क्योंकि इसका मसौदा जल्दबाजी में मूर्खतापूर्ण ढंग से तैयार किया गया था। उन्होंने कहा, नागरिकता असम के लिए एक बड़ा मुद्दा है और सरकार देश भर में कानून लाना चाहती है लेकिन अभी तक ऐसा नहीं कर पाई है।

### द्रौपदी मुर्मू के स्वागत कार्यक्रम से पहले भाजपा के दो वरिष्ठ नेताओं में हुई गर्मागर्मी

**जयपुर।** राष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू बुधवार को जयपुर पहुंचीं और राज्य के भाजपा सांसदों व विधायकों से समर्थन मांगा। हालांकि यहां एक होटल में मुर्मू के स्वागत के लिए रखे एक कार्यक्रम से पहले पार्टी के दो बड़े नेताओं, राज्यसभा सदस्य डॉ किरोड़ी लाल मीणा व उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ में कार्यक्रम में कार्यकताओं के प्रवेश को लेकर कथित तौर पर गर्मागर्मी हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि बाद में दोनों नेताओं ने एक दूसरे को भाई बताते हुए कहा कि उनमें कोई मतभेद या मनभेद नहीं है। उल्लेखनीय है कि राजग की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार मुर्मू के स्वागत के लिए एक कार्यक्रम यहां एक होटल में रखा गया था। इसमें कार्यकताओं को प्रवेश नहीं दिए जाने के मुद्दे पर मीणा नाराज दिखे। वह अपने लगभग सौ दर्शकों के साथ उस हाल में पहुंचे जहां कार्यक्रम हो रहा था। वहां मौजूद केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कार्यकताओं से अभिनंदन कार्यक्रम में पार्टी के नारे न लगाने को कहा।

### महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में भारी बारिश

**नागपुर।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में जबरदस्त बारिश के कारण 19 गांवों के लगभग 1,920 लोगों को पिछले तीन दिन में सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के नागपुर कार्यालय ने जिले के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारी से बहुत भारी बारिश के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया जाता है। आईएमडी ने बताया कि गढ़चिरौली जिले में आज सुबह 8.30 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटे में 97.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि गोदावरी, कलेश्वरम और इंद्रावती नदियां जिले में खतरे के निशान से ऊपर जबकि वैनगंगा, प्राणहिता और वर्धा नदियां खतरे के निशान के आसपास बह रही है।

# श्रीलंका में लगा आपातकाल

## राष्ट्रपति के देश छोड़कर भागने से भड़की जनता, प्रदर्शनकारी संसद में घुसे

### सुरक्षाबलों व जनता के बीच जबर्दस्त भिड़ंत, आंसू गैस के गोल दागे-लाठीचार्ज

### पीएम बने कार्यवाहक राष्ट्रपति के आवास पर भी उपद्रव




**नई दिल्ली।** श्रीलंका में मचे भारी बवाल के बाद अब देश के कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सशस्त्र बलों और पुलिस को मौजूदा स्थिति को नियंत्रण में लाने के आदेश दिए हैं। जिसको लेकर सेना का कहना है कि समस्या का राजनीतिक समाधान निकालने की जरूरत है। वहीं भारत ने भी अपना रुख साफ करते हुए कहा है कि राष्ट्रपति गोटाबाया को श्रीलंका से बाहर ले जाने में उसकी कोई भी भूमिका नहीं है। भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि वह श्रीलंका की मौजूदा समस्या का समाधान वहां के लोकतांत्रिक फ्रेमवर्क के जरिए ही निकालने का पक्षधर है। पिछले तीन दिनों में भारत सरकार की तरफ से श्रीलंका के संदर्भ में दी गई दूसरी सफाई है। राष्ट्रपति गोटाबाया अपनी पत्नी और सुरक्षा गार्डों के साथ मंगलवार देर रात को श्रीलंका सेना के एक विशेष जहाज से मालदीव चले गये हैं। मालदीव की राजधानी माले स्थित हवाई अड्डे पर उनका स्वागत राष्ट्रपति मोहम्मद नाशिद किया। मालदीव और भारत के बेहद नजदीकी रिश्ते होने की वजह से ही श्रीलंका के कुछ समाचार पत्रों में यह सूचना दी है कि गोटाबाया और उनके परिवार को वहां से बाहर निकालने में भारत की भूमिका है। कुछ समाचार माध्यमों में यह भी बताया गया है कि गोटाबाया का पूरा परिवार भारत के साथ लगातार संपर्क में है। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस पर कहा कि गोटाबाया राजपक्षे और बासिल राजपक्षे के श्रीलंका से बाहर जाने में भारत की तरह से मदद मुहैया कराने संबंधी मीडिया रिपोर्ट पूरी तरह से आधारहीन और मनगढंत है। हम यह फिर से कहना चाहेंगे कि भारत श्रीलंका की आवाम को समर्थन करता रहेगा क्योंकि वो अपनी संवृद्धि और संपन्नता के सपनों को पूरा करने की कोशिश में हैं।

भारत ने यह भी दोहराया है कि वह लोकतांत्रिक तरीके और संस्थानों के जरिए ही वहां बदलाव की कोशिशों को समर्थन करता है। सूत्रों ने बताया कि जिस तरह से मौजूदा समस्या का कोई समाधान निकलता नहीं दिख रहा है, उससे चिंता बढ़ी है। भारत वहां के हालात को शीघ्रता से सामान्य होता देखना चाहता है ताकि खाने पीने की चीजों की आपूर्ति और दूसरी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुधार कर जनजीवन सामान्य किया जा सके। इस तरह की अस्थिरता जारी रहने पर भारत विरोधी ताकतों को भी अफवाह फैलाने का मौका मिलेगा, यह बात पिछले तीन दिनों में साफ तौर पर देखी गई है। पहले वहां के कई समाचार माध्यमों में यह लिखा गया कि भारत शीघ्र ही वहां सेना भेजने की सोच रहा है। भारत ने इसे एक सिरे से खारिज किया था। भारत का यह भी आकलन है जितनी लंबी अस्थिरता बढ़ेगी उसी हिसाब से वहां के हालात को सामान्य करने में भी परेशानी होगी। उम्मीद की किरण यह है कि पीएम रानिल विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाने की सूचना है जिनके साथ भारत के बेहद पुराने रिश्ते हैं। पिछले दिनों उन्होंने स्वीकार भी किया है कि मौजूदा संकट के काल में भारत श्रीलंका को दूसरे अन्य सभी देशों के मुकाबले ज्यादा मदद दे रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत इस वर्ष 3.8 अरब डालर की मदद श्रीलंका को पहुंचा चुका है। आगे भी मदद देने की पूरी तैयारी है लेकिन राजनीतिक अस्थिरता और वहां के अंदरूनी हालात की वजह से इसे पहुंचाने में परेशानी आ रही है।

गौरतलब है कि, श्रीलंका में राजनीतिक व आर्थिक अस्थिरता और गहराती नजर आ रही है और इसके साथ ही भारतीय कूटनीति की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही है। राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे और उनकी पत्नी के देश से भाग जाने के बाद श्रीलंका के हालात और बिगड़ गए। जिसके बाद पीएम रानिल विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाये जाने की घोषणा की गई, लेकिन देश भर में फैली अव्यवस्था को किस तरह से काबू में लाया जाएगा और आवश्यक सामानों की आपूर्ति किस तरह से बहाल की जाएगी, इसे लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है।


### श्रीलंका का मुद्दा हमारे लिए चिंता का विषय: अधीर रंजन



नयी दिल्ली। श्रीलंका में आर्थिक और राजनीतिक संकट गहराया हुआ है। ऐसे में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने केंद्र की मोदी सरकार को पड़ोसी देश श्रीलंका के विषय पर एक सर्वदलीय बैठक बुलाने का सुझाव दिया। आपको बता दें कि राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के श्रीलंका छोड़कर मालदीव भाग जाने के बाद कोलंबो में हिंसक प्रदर्शन हुआ। इतना ही नहीं प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री आवास पर भी कब्जा कर लिया है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि श्रीलंका का मुद्दा हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत सरकार को श्रीलंका के इस स्थिति से निपटने के लिए काफी सक्रिय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीलंका का उत्तरी भाग दक्षिण भारतीय राज्य के करीब है तो शरणार्थी भारत में आ सकते हैं क्योंकि श्रीलंका की स्थिति ठीक नहीं है तो मैं सरकार को प्रस्ताव दूंगा कि एक सर्वदलीय बैठक करनी चाहिए ताकि हम श्रीलंका स्थिति पर अपने विचार व्यक्त कर सकें।

## हामिद अंसारी ने भाजपा के आरोपों को सिरे से किया खारिज

### बोले- पाक पत्रकार को नहीं किया कभी आमंत्रित



**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पाकिस्तानी पत्रकार नुसरत मिर्जा के दावों को लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और कांग्रेस पर निशाना साधा। इस दौरान भाजपा ने पूछा कि हामिद अंसारी ने पाकिस्तानी पत्रकार को आखिर पांच बार भारत क्यों बुलाया ? इस तमाम सवालों के हामिद अंसारी ने जवाब दिए हैं।


इस दौरान उन्होंने भाजपा के तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि उन्होंने पाकिस्तानी पत्रकार को आमंत्रित नहीं किया था। अंग्रेजी न्यूज वेबसाइट 'इंडियन एक्सप्रेस' की रिपोर्ट के मुताबिक, हामिद अंसारी ने इन खबरों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया का एक धड़ा और भाजपा प्रवक्ता मेरे बारे में झूठ फैला रहे हैं कि उपराष्ट्रपति रहते हुए मैंने पाकिस्तानी पत्रकार नुसरत मिर्जा को आमंत्रित किया था। उन्होंने मेरे बारे में कहा कि नई दिल्ली में आयोजित आतंकवाद पर एक सम्मेलन के दौरान मैं नुसरत मिर्जा से मिला था। यह भी कहा जा रहा है कि ईरान में राजदूत रहते हुए मैंने देश के साथ विश्वासघात किया। सभी जानते हैं कि सरकार की सलाह पर ही विदेशी एक्सपर्ट्स को बुलाया जाता है। हामिद अंसारी ने बताया कि यह एक ज्ञात तथ्य है कि उपराष्ट्रपति द्वारा विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को निमंत्रण आमतौर पर विदेश मंत्रालय के माध्यम से सरकार की सलाह पर होता है। मैंने 11 दिसंबर, 2011 को आतंकवाद पर एक सम्मेलन का उद्घाटन किया था। जिन लोगों को बुलाया गया था उनकी लिस्ट आयोजकों द्वारा ही बनाई गई होगी। मैंने उन्हें न तो कभी आमंत्रित किया और न ही उनसे मुलाकात की। उन्होंने कहा कि ईरान के राजदूत के रूप में मेरा काम हर समय की सरकार की जानकारी में होता था। उन्होंने कहा कि मैं ऐसे मामलों में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध हूं और उन पर टिप्पणी करने से परहेज करता हूं। भारत सरकार के पास सारी जानकारी है और वही सच बताने के लिए अधिकृत है। उन्होंने कहा कि तेहरान में मेरे कार्यकाल के बाद मुझे संयुक्त राष्ट्र में भारत का स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया था। वहां मेरे काम की देश-विदेश में सराहना हुई है।

### मूसेवाला हत्याकांड: साजिशकर्ता का जाली पासपोर्ट बनाने के मामले में पांच लोग गिरफ्तार

नयी दिल्ली। पुलिस ने जाली पासपोर्ट हासिल करने में लॉरेंस बिश्नोई के भतीजे की मदद के आरोप में दो महिलाओं समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने जाली पासपोर्ट हासिल करने में बिश्नोई के भतीजे सचिन थापन और अन्य बदमाशों की मदद की। बिश्नोई पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश में कथित रूप से शामिल था। पुलिस ने कहा कि अनमोल बिश्नोई और सचिन थापन ने मूसेवाला की हत्या का षड़यंत्र रचा था। उन्होंने भाड़े पर शूटरों को रखा, उन्हें हथियार मुहैया कराए और बाद में जाली पासपोर्ट का इस्तेमाल कर देश से भाग गए। आरोपियों की पहचान राहुल सरकार (27), अरिजित कुमार (55), नवनीत प्रजापति (33), सोमनाथ प्रजापति (33) और 27 वर्षीय महिला के रूप में हुई है। पुलिस को चार जुलाई को सरकार की आवाजाही के बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जो लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के अन्य सदस्यों के संपर्क में था। इसके बाद साकेत मेट्रो स्टेशन के निकट फुटओवर ब्रिज के पास जाल बिछाकर सरकार और अन्य आरोपियों को पकड़ लिया गया।

## मोदी सरकार पर फिर बरसे राहुल गांधी

### बोले- 'इगोनॉमिक्स'ने 'इकोनॉमिक्स' को पछाड़ दिया



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी और कर्ज के मुद्दों तथा डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट होने को लेकर बुधवार को सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने सरकार के कर्ज, बेरोजगारी और रुपए के मूल्य के आंकड़ों को साझा करते हुए एक ट्वीट में कहा, जब इगोनॉमिक्सने इकोनॉमिक्स (अर्थव्यवस्था) को पछाड़ दिया। राहुल ने इस तरह का ब्योरा देने के लिए एक सारिणी साझा की और कहा कि 2014 में सरकार का कर्ज56 लाख करोड़ रुपये था, जो 2022 में 139 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसी तरह, उन्होंने कहा कि बेरोजगारी दर 2014 के 4.7 प्रतिशत की तुलना में 2022 में 7.8 प्रतिशत हो गई है और रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमत 2014 के 410 रुपये से बढ़ कर 1,053 रुपये हो गई है। राहुल ने यह दावा भी किया कि प्रति व्यक्ति कर्ज 2014 में 44,348 रुपये था जो बढ़ कर 2022 में 1,01,048 रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि व्यापार घाटा 2014 के 135 अरब डॉलर की तुलना में अभी 190 अरब डॉलर है। सारिणी में यह भी उल्लेख किया गया है कि 2014 में रुपये का मूल्य प्रति डॉलर 59 रुपये था, जो अब 80 रुपये हो गया है।

## वयस्कों के लिए कोविड टीकों की एहतियाती खुराक अब पूरी तरह मुफ्त

**नई दिल्ली।** देश में नए सिरे से बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच सरकार ने 18-59 साल के लोगों को कोविड टीकों की मुफ्त एहतियाती खुराक देने का फैसला किया है। 15 जुलाई से इसके लिए विशेष अभियान शुरू होगा। 75-दिवसीय इस अभियान के तहत सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर कोविड वैक्सीन की मुफ्त अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को बताया कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए सरकार ने अमृत महोत्सव के रूप में कोविड की एहतियाती खुराक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाने का फैसला किया है। अगले 75 दिनों में हम इस अभियान को पूरा करने की कोशिश करेंगे। इस फैसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा। इससे हमारा अभियान और मजबूत होगा। देश में 18-59 साल की उम्र के 77 करोड़ लोगों को एहतियाती खुराक दी जाना है। इसमें से अब तक 1 फीसदी से भी कम को एहतियाती खुराक दी गई है। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि हालांकि, 60 वर्ष और उससे अधिक आयु की अनुमानित 16 करोड़ पात्र आबादी के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा और अग्रिम पंक्ति के कार्यकताओं में से लगभग 26 फीसदी को बूस्टर खुराक लग चुकी है। एक अधिकारी ने बताया कि देश के अधिकांश लोगों को करीब नौ महीने पहले कोविड टीकों की दूसरी खुराक लगी है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और अन्य अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थानों के अध्ययनों में सुझाव दिया गया है कि दोनों खुराक लगने के लगभग छह महीने बाद व्यक्ति के शरीर में एंटीबॉडी का स्तर कम हो जाता है। ऐसे में बूस्टर या एहतियाती खुराक देने से प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है। इसलिए सरकार ने 75 दिन तक एक विशेष अभियान शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत सरकारी केंद्रों पर 18 से 59 साल के लोगों को निशुल्क एहतियाती खुराक दी जाएगी। बता दें, पिछले सप्ताह ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड टीकों की दूसरी एहतियाती खुराक के बीच के अंतर को 9 माह से घटाकर 6 माह कर दिया है। यानी दूसरी लगवाने के छह माह बाद बूस्टर खुराक ली जा सकती है। यह फैसला टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी परामर्श समूह की सिफारिश के आधार पर किया गया।



### अभी चल रहा हर घर दस्तक अभियान 2.0

टीकाकरण तेज करने और बूस्टर खुराक को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार ने 1 जून से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 'हर घर दस्तक अभियान 2.0' के दूसरे दौर की शुरूआत की थी। दो महीने का यह अभियान अभी चल रहा है।सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की 96 फीसदी आबादी को कोविड वैक्सीन की पहली खुराक दी जा चुकी है जबकि 87 फीसदी लोगों ने दोनों खुराक ले ली है।

## ब्रिटिश पीएम की रेस में सबसे आगे ऋषि सुनक

लंदन। भारतीय मूल के ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के लिए कंजरवेटिव पार्टी में सबसे आगे चल रहे हैं और उन्होंने पहला पड़ाव पार कर लिया है। जिसमें उन्होंने सबसे अधिक वोट हासिल किए। आपको बता दें कि ऋषि सुनक ने पहले पड़ाव में सर्वाधिक 88 वोट हासिल किए हैं। इस रेस में सफलता से मिलने से उनका रास्ता साफ हो जाएगा। पहले पड़ाव में ऋषि सुनक ने सर्वाधिक 88, पेनी मोर्डेंट ने 77, लिज ट्रस ने 55 वोट हासिल किए। प्रधानमंत्री पद की रेस में ऋषि सुनक सबसे आगे दिखाई दे रहे हैं और माना जा रहा है कि उनके पास सर्वाधिक सांसदों का समर्थन है। पूर्व चांसलर ऋषि सुनक ने मंगलवार को कंजरवेटिव पार्टी के नेतृत्व के लिए अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए कहा था कि मैं सकारात्मक अभियान चलाऊंगा। हालांकि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के बारे में भी बात की थी। उन्होंने कहा था कि बोरिस जॉनसन उन सबसे उल्लेखनीय व्यक्तियों में से एक हैं जिनसे मैं अपने जीवन में मिला हूं। लोग उनके बारे में कुछ भी कह सकते हैं, लेकिन उनका दिल अच्छा है। पहले पड़ाव में ऋषि सुनक ने सर्वाधिक 88, पेनी मोर्डेंट ने 77, लिज ट्रस ने 55 वोट हासिल किए। प्रधानमंत्री पद की रेस में ऋषि सुनक सबसे आगे दिखाई दे रहे हैं और माना जा रहा है कि उनके पास सर्वाधिक सांसदों का समर्थन है। पूर्व चांसलर ऋषि सुनक ने मंगलवार को कंजरवेटिव पार्टी के नेतृत्व के लिए अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए कहा था कि मैं सकारात्मक अभियान चलाऊंगा।

दखल

# लड़कियों को दें बढ़ने का मौका



वास्तव में स्त्री और पुरुष दोनों के कंधों पर अपने परिवार को चलाने की जिम्मेदारी के साथ समाज और देश के आर्थिक विकास में योगदान देना एक कर्तव्य है। खुशी होती है इस बात से कि हम स्त्री सशक्तिकरण को बहुत तवज्जो देते हैं तथा वास्तव में इस पक्ष पर पिछले काफी समय से बहुत मजबूती से काम भी हो रहा है, पर अब समय आ गया है, जब स्त्री को आर्थिक विकास की मुख्यधारा में पुरुष के समान ही महत्व दिया जाए।

**अब** समाज में महिलाओं के आर्थिक विकास को भी प्राथमिकता मिलनी चाहिए। महिला सशक्तिकरण की बात तो हम लंबे समय से कर रहे हैं, मगर हमारे मुल्क की तीव्र आर्थिक प्रगति के लिए महिलाओं के आर्थिक विकास को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे मुल्क में करीब 55 करोड़ लोग अपने परिवार के कमाने वाले सदस्यों पर निर्भर हैं। इसमें घरेलू महिलाएं बड़ी तादाद में हैं। इसके अलावा हमारे समाज में शिक्षित महिलाओं का भी घरेलू महिलाओं की संख्या में बहुत बड़ा भाग है। आश्रितों की इतनी बड़ी संख्या अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था दो प्रकार की स्थितियों से गुजर रही है। एक तरफ जहां आर्थिक विकास में निरंतरता बनाए रखना मुख्य उद्देश्य है, तो वहीं दूसरी तरफ लगातार बढ़ रही आर्थिक असमानता भारत के समग्र आर्थिक विकास में बहुत बड़ी बाधा है। लगातार बढ़ती आर्थिक विषमता ने अमीरों और गरीबों के बीच की खाई को बहुत चौड़ा कर दिया है।

कोरोना महामारी के दौरान जहां एक तरफ भारत में गरीबों की संख्या में सात करोड़ की बढ़ोतरी हुई है, वहीं दूसरी तरफ अरबपतियों की संख्या में 37 प्रतिशत की वृद्धि। यह हमें लगातार सोचने को विवश कर रही है। इस विकट परिस्थिति से भी निपटा जा सकता है अगर आर्थिक सुधारों में महिलाओं के आर्थिक विकास को मुख्य उद्देश्य के रूप में रखा जाए। भारत में महिला आर्थिक विकास तभी संभव है, जब हर महिला रोजगार को अपना उद्देश्य बनाए। भारत में वर्तमान महिला आर्थिक विकास से संबंधित कार्यों और नीतियों पर एक दृष्टि डालें, तो पाएंगे कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी महिला सशक्तिकरण का विचार हमारे कानों में गूंजता तो रहता है, पर अभी तक भारत में इस पर ठोस कार्य नहीं हुए हैं।

सही मायनों में महिला सशक्तिकरण तभी संभव है जब महिला आर्थिक विकास की ओर मजबूती से काम हो। स्थिति इतनी विकट है कि देश की कुल आबादी में 48 प्रतिशत महिलाएं हैं, पर रोजगार में सिर्फ एक तिहाई ही संलग्न हैं। भारत की कुल 'एमएसएमई' का मात्र 19 प्रतिशत महिलाओं द्वारा संचालित हो रहा है। महिलाओं का वेतन भी पुरुषों के वेतन का 65 प्रतिशत है। 'बीएसई' और 'एनएसई' में सूचीबद्ध कंपनियों में मात्र नौ प्रतिशत महिलाएं उच्च पद पर आसीन हैं। जिस तरह दिन-प्रतिदिन कंप्यूटर द्वारा 'आटोमेशन' हो रहा है, उससे 2030 तक दो करोड़ ग्रामीण रोजगारों में संलग्न महिलाओं के सामने बरोजगारी की समस्या भी खड़ी होने वाली है। एक शोध रिपोर्ट के मुताबिक अगर भारत में महिलाओं को पुरुषों के बराबर रोजगार में तवज्जो मिलने लग जाए, तो अर्थव्यवस्था में बिना कोई आमूलचूल परिवर्तन हुए जीडीपी सात अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकती है। महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की सोच को देखते हुए महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा उद्यमिता की तरफ बढ़ना चाहिए।

पिछले कुछ समय से समाज में बदलाव आया है, जिसमें माता-पिता अपनी पुत्री के लिए भी तकनीकी तथा व्यावसायिक प्रबंधन की शिक्षा को ज्यादा से ज्यादा प्राथमिकता देने की कोशिश कर रहे हैं। महिलाओं के आर्थिक विकास के मुद्दे को बड़ी संख्या में बल तब मिलेगा, जब ऐसी शिक्षित लड़कियां स्वयं आगे बढ़ कर तकनीकी तथा व्यावसायिक प्रबंधन की शिक्षा का उपयोग खुद के व्यावसायिक प्रतिष्ठान में करने की कोशिश करेंगी। इसके माध्यम से समाज में एक बदलाव आएगा तथा महिलाओं का समाज के आर्थिक विकास में भी योगदान बढ़ेगा। इस संदर्भ में हमारे समाज की एक वास्तविकता को भी समझना होगा। आज भी हमारा समाज उद्यमिता या एंटरप्रेन्योरशिप के अंतर्गत महिलाओं को कमजोर समझता है।

यह लगभग सभी की मानसिकता है कि व्यवसाय या व्यापार करना सिर्फ पुरुषों के दायरे में आता है, क्योंकि वही इसमें ज्यादा सक्षम होते हैं। इसी सोच के कारण महिला उद्यमी को अपने व्यापार-व्यवसाय को दूसरों के सामने प्रस्तुत करने में अनेक समस्याएं आती है, जिसमें सबसे बड़ी बाधा आवश्यक वित्त की सुविधाओं के निर्धारण तथा प्राप्ति से संबंधित होती है। इसके अलावा हमारे समाज में महिलाएं स्वयं भी व्यवसाय को प्राथमिकता नहीं देना चाहतीं, क्योंकि वे इसमें पुरुषों का एकाधिकार ज्यादा देखती हैं। यह भी हमारी एक सामाजिक मानसिकता का प्रतीक है कि परिवार में छोटे बच्चों के पालन-पोषण की प्राथमिक जिम्मेदारी पुरुष की तुलना में महिला की ज्यादा होती है, जिसके कारण भी आधुनिक रूप से शिक्षित महिलाएं व्यापार करने का निर्णय लेने में हिचकती हैं तथा वे व्यवसाय की तुलना में नौकरी करने को ज्यादा उचित समझती हैं, क्योंकि उस दशा में वे अपने आप को ज्यादा सुविधाजनक पाती हैं।

अगर वास्तव में महिला आर्थिक विकास की बात करनी है, तो हमें उपरोक्त सामाजिक सोच तथा मानसिकता को बदलना होगा। इस संदर्भ में एक विडंबना यह भी है कि उन महिलाओं को आर्थिक विकास से कैसे जोड़ा जाए, जो निम्न मध्यवर्गीय परिवार से संबंधित हैं। वे मात्र साक्षर हैं, आधुनिक रूप से शिक्षित नहीं हैं तथा उनके परिवार में आश्रितों की संख्या भी अधिक है। वर्तमान परिस्थिति में हमारे मुल्क में ऐसी महिलाओं की संख्या काफी है। यहां एक आदर्श स्थिति बन सकती है, अगर ये महिलाएं स्वयं आगे बढ़ कर किसी भी तरह के आर्थिक रोजगार को अपनी आय का मुख्य स्त्रोत बनाने का निश्चय करें। इसके माध्यम से जहां एक तरफ आश्रितों की संख्या कम होगी, वहीं दूसरी तरफ आर्थिक विषमता भी कम होगी।

ऐसी महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन से पहले उन्हें आर्थिक विकास का स्त्रोत मिलना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सरकारों, सामाजिक संगठनों और औद्योगिक घरानों आदि को मिल कर एक पहल करनी होगी। सामाजिक संस्थानों के माध्यम से ऐसी महिलाओं को प्रमाणित तथा एकत्रित करना होगा, जो अपने जीवन में आर्थिक उद्देश्य को पूरा करना चाहती हैं। सरकारों के माध्यम से औद्योगिक घरानों को दिशा-निर्देश दिए जाएं कि वे आगे बढ़ कर सामाजिक संगठनों के साथ मिल कर एक सामंजस्य स्थापित करें, ताकि ऐसी महिलाओं को उनके आर्थिक उद्देश्य के लिए किसी विशेष तरह के रोजगार के लिए शिक्षित और प्रशिक्षित किया जा सके। इस संदर्भ में सिलाई, कढ़ाई, पेंटिंग, ब्यूटी पार्लर, कुकिंग से संबंधित कई तरह के प्रशिक्षण दिए जा सकते हैं। यह सब कई जगह किया भी जा रहा है।

अब सबसे ज्यादा जरूरत इस बात की है कि इन प्रशिक्षण शिविरों के बाद भी ऐसी प्रशिक्षु महिलाओं को उद्यमिता के बारे में भी सिखाया जाए, जिसके अंतर्गत मुख्य रूप से गुणवत्ता प्रबंधन तथा सोशल मीडिया के विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से अपने उत्पाद की मार्केटिंग के नए तौर-तरीके जानना अत्यंत आवश्यक है। अक्सर देखा जाता है कि प्रशिक्षण शिविर के बाद भी कम पढ़ी-लिखी महिलाएं रोजगार में सलंग्न नहीं होतीं, क्योंकि उनमें उद्यमिता अपनाने का आत्मविश्वास नहीं होता है। जरूरत है इन महिलाओं को प्रेरित और जागरूक करने की, ताकि बैंकिंग सुविधाओं और आर्थिक सहयोग से उन्हें उद्यमिता की तरफ मोड़ा जा सके। यह समाज में एक क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

**परमजीत सिंह बोहरा**
(वरिष्ठ पत्रकार)

# भारत का बढ़ता अंतरराष्ट्रीय महत्व

**जर्मनी** में हाल ही में हुई जी-7 की बैठक का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें वैश्विक दक्षिण के अनेक लोकतंत्रों के नेताओं ने भाग लिया। जर्मनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, सेनेगल व दक्षिण अफ्रीका के नेताओं को सम्मेलन में आमंत्रित किया था। इस सम्मेलन का प्रमुख विषय यूक्रेन पर रूसी हमले से उत्पन्न खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा था। भारत को आमंत्रित करने से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि दुनिया के सबसे धनी और विकसित सात देशों के इस समूह ने समझा है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में जो भावी परिवर्तन होंगे, उनके संदर्भ में भारत को विश्वास में लेना और सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। रूस-यूक्रेन मसले पर भारत का जो रुख रहा है, उसे लेकर कहा जा रहा था कि विकसित देश भारत पर दबाव बनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन जी-7 के शिखर सम्मेलन में भारत को आमंत्रित करना यह दर्शाता है कि भारत के ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं है।

भारत ने हमेशा यह कहा है कि इस मुद्दे पर वह तटस्थ है और इसके पीछे मुख्य वजह हमारे राष्ट्रीय हित हैं। इस आयाम को विकसित देशों और शेष विश्व को भी समझना होगा। भारत ने कभी भी हमले को उचित नहीं ठहराया है और परस्पर संवाद एवं शांतिपूर्ण तरीके से विवाद को सुलझाने का आह्वान करता रहा है। प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मेलन में बुलाने से यह इंगित होता है कि पश्चिम ने भी भारत के रुख को समझा है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि समूह के देश इस वास्तविकता को भी बखूबी समझ रहे हैं कि भविष्य में जो भी पुनर्निर्माण होना है या खाद्य संकट का समाधान निकालना है, इसमें भारत की भूमिका बहुत अहम है। समूह इस वास्तविकता से भी अवगत है कि आने वाले समय जो चुनौतियां विकसित देशों के सामने आ सकती हैं, खासकर रूस के रवैये के बाद, उनका सामना करने में भी भारत के सहयोग की आवश्यकता होगी।

यह भी जगजाहिर हो चुका है कि चीन अपने वैश्विक वर्चस्व के विस्तार में जुटा हुआ है। चीन पर पश्चिमी देशों का जो भरोसा रहा था, वह टूट चुका है। इस पहलू को देखा जाए, तो पश्चिम को भारत के साथ की जरूरत है। जिस गति से वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव हो रहा है, उसमें विकसित देश भारत को अनदेखा कर अपनी स्थिति को मजबूती नहीं दे सकते हैं। पिछले कुछ समय से भारत की कूटनीतिक सक्रियता में, चाहे वह अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में हो या क्षेत्रीय संदर्भ में, बड़ी तेजी आई है। विश्व पटल पर भारत को इसी



जी-7 की बैठक ऐसे समय में हुई है, जब विश्व के समक्ष कोरोना का असर, वैश्विक मुद्रास्फीति, रूस-यूक्रेन युद्ध, अन्य भू-राजनीतिक संकट, खाद्य संकट, ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन जैसी अनेक गंभीर चुनौतियां हैं। उल्लेखनीय है कि जर्मनी के नेतृत्व ने पहले इस सम्मेलन में जलवायु के मुद्दे को प्राथमिकता देने का निर्णय किया था, किंतु यूक्रेन पर रूस के हमले ने तात्कालिक समस्याएं पैदा कर दीं।

तरह से बिना किसी दबाव में आए हुए अपनी कूटनीतिक स्थिति को विस्तार देना चाहिए। इसे अन्य देश भी रेखांकित कर रहे हैं और जी-7 का आमंत्रण उसकी पुष्टि करता है।

निश्चित रूप से अनेक मुद्दों पर सहमति-असहमति का सिलसिला चलता रहता है। कुछ समय पहले जब भारत ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था, तो जर्मनी और पश्चिम के कुछ अन्य देशों ने भारत को इस पर पुनर्विचार का आग्रह किया था। उनका कहना था कि इससे वैश्विक खाद्य संकट और बढ़ जाएगा। संभव है कि इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को निर्यात प्रतिबंध हटाने या उसमें कुछ ढील देने का आग्रह पश्चिमी देशों की ओर से किया जाए। वैसे भी भारत ने कहा है कि अगर किसी सरकार की ओर से गेहूं आयात करने का अनुरोध आता है, उस पर सकारात्मक ढंग से विचार किया जाएगा।

यह निर्णय भारत ने अपनी खाद्य सुरक्षा को देखते हुए लिया है, क्योंकि अनाज के कम पैदावार की आशंका जताई जा रही है और मुद्रास्फीति भी बढ़ी हुई है। हमारे पास समुचित मात्रा में अनाज उपलब्ध है और कोई खाद्य संकट नहीं है। ऐसे में भारत वैश्विक संकट के समाधान में मदद करने की स्थिति में है। वैसे भी निर्यात पर रोक कोई स्थायी निर्णय नहीं है। जी-7 की इस बैठक से ठीक पहले क्वाड और ब्रिक्स समूहों के शिखर सम्मेलन हुए हैं। भारतीय नेतृत्व की भागीदारी तीनों आयोजनों में रही है। जैसा कि ऊपर उल्लिखित किया गया है, भारत ने विभिन्न मंचों पर संतुलित, सकारात्मक और सक्रिय भूमिका निभाई है तथा स्वतंत्र विदेश नीति पर अग्रसर होने का प्रयास किया है।

रूस-यूक्रेन संकट के प्रारंभिक दिनों में पश्चिमी देशों ने भारत को अपने पाले में लाने की बड़ी कोशिश की थी और एक प्रकार से दबाव बनाने का भी प्रयास हुआ था, पर भारत दुनिया को यह समझा पाने में सफल रहा है कि उसके लिए उसके रणनीतिक, आर्थिक और राजनीतिक हित प्राथमिक हैं। क्वाड बैठक में जो बड़ी आर्थिक पहल हुई है, उसमें भारत पूरी तरह से समूह के अन्य देशों के साथ खड़ा है। क्षेत्रीय व्यापार गठबंधन के माध्यम से चीन अपने व्यावसायिक वर्चस्व को जिस तरह बढ़ाने में लगा हुआ है, उसके बरक्स क्वाड की आर्थिक पहल महत्वपूर्ण हो जाती है, जिसके तहत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

भारत की सक्रियता आक्रामक नहीं है। चीन के विरुद्ध भी भारत का रवैया आक्रामक नहीं रहा है। चीन ने ही सीमा विवाद को लेकर उन्मादी व्यवहार किया है। भारत सोची-समझी नीति के तहत क्वाड में भी उतनी ही दिलचस्पी ले रहा है, जितनी ब्रिक्स में। क्षेत्रीय स्तर पर भारत सक्रिय है। मालदीव, श्रीलंका, नेपाल आदि पड़ोसी देशों के मामलों में यह देखा जा सकता है। कुछ समय पहले बिमस्टेक समूह की भी बैठक हुई थी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल हुए थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर कई देशों की यात्रा कर चुके हैं और भारत की स्थिति को उन्होंने सफलतापूर्वक सामने रखा है। विकसित देश भारत की सक्रियताओं और स्वतंत्र कूटनीति के महत्व को समझ रहे हैं तथा भारत के सहयोग की आवश्यकता से भी वे आगाह हैं। भारत भी सभी देशों के साथ सहकार की भावना से संबंध स्थापित करना चाह रहा है।

ब्रिक्स के ठीक बाद जी-7 का सम्मेलन बेहद अहम है। इसमें भारत की मौजूदगी चीन को जरूर अखर रही होगी। जी-7 दुनिया के वो देश हैं जो दुनिया की आर्थिक व्यवस्था का माडल तैयार करते हैं। जी-7 जैसे संगठन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी यह दर्शाती है कि भारत की एक स्वतंत्र नीति है। यह भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और दुनिया में उसके बढ़ते दबदबे को दर्शाता है। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने दुनिया को यह दिखा दिया कि भारत अब सक्षम और स्वावलंबी राष्ट्र है। कोरोना काल में जब दुनिया में कोहराम मचा था उस वक्त पूरे विश्व की नजर भारत पर टिकी थी। भारत ने हर स्तर पर अपने पड़ोसी और मित्र राष्ट्रों की मदद की थी।

ब्रिक्स के बाद भारत की जी-7 में मौजूदगी भारत की स्वतंत्र विदेश नीति की ओर संकेत देती है। भारत ने यह दिखा दिया कि वह चीन और रूस के साथ ब्रिक्स में खड़ा है तो वह अमेरिका व पश्चिमी देशों के साथ जी-7 में भी उपस्थिति है। यही कारण है कि भारतीय विदेश नीति का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। जी-7 में प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत का लक्ष्य सतत विकास है। वह किसी गुटबाजी का हिस्सा नहीं हो सकता है। भारत क्वाड का सदस्य देश है तो वह ब्रिक्स का भी हिस्सा है।

**धनंजय त्रिपाठी**
(वरिष्ठ पत्रकार)

# उद्धव का संकट बढ़ता जा रहा

महाराष्ट्र में जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं, उद्धव ठाकरे का संकट और बड़ा होता जा रहा है। अगर सुप्रीम कोर्ट ने 16 विधायकों को अयोग्य करार दिया, तो यह उद्धव ठाकरे के लिए सबसे बड़ा झटका होगा। उनकी विधानसभा में उपस्थिति भी खत्म हो जाएगी।



महाराष्ट्र की राजनीति में जो हुआ, उसकी उम्मीद कुछ ही लोगों को रही होगी। एकनाथ शिंदे को सीएम की कुर्सी दिए जाने के ऐलान में उद्धव ठाकरे के लिए कई संदेश हैं। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे सरकार नहीं बचा सके। पार्टी पर भी उनकी पकड़ नहीं रही। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं, उद्धव का संकट और बड़ा होता जा रहा है। सभी की नजर सुप्रीम कोर्ट पर हैं। जहां 11 जुलाई तक जवाब पेश करना है और 12 जुलाई को सुनवाई। फिलहाल अभी तो एकनाथ शिंदे के हाथों में महाराष्ट्र की कमान जाने का मतलब उद्धव ठाकरे के राजनीतिक रूप से निष्प्राण होने के बराबर है। शिवसेना हमेशा व्यक्ति केंद्रित पार्टी रही है। जब तक बाल ठाकरे रहे तब तक शिवसेना मतलब बाल ठाकरे ही हुआ करता था। राज ठाकरे राजनीति में काफी सक्रिय थे।

लोग उन्हें बाल ठाकरे के वारिस के रूप में देखने लगे थे, पर बाल ठाकरे ने बेटे उद्धव को कार्यकारी अध्यक्ष बना कर यह साफ कर दिया कि विरासत बेटे को ही मिलेगी, भतीजे को नहीं। फोटोग्राफी में ग्रेजुएट उद्धव राजनीति के माहिर खिलाड़ी साबित नहीं हो सके। शिवसेना में पिता जैसी पकड़ बना कर नहीं रख सके। न ही मुद्दों को लेकर पिता जैसी आक्रामकता दिखा सके। उन्होंने पिता की किंग के बजाय किंगमेकर बने रहने की नीति भी छोड़ दी, बल्कि कहा जा सकता है कि वह सत्ता और पुत्र के मोह में पड़ गए। न केवल खुद सीएम बने, बल्कि बेटे आदित्य को काफी कम उम्र में मंत्री भी बना दिया। शिवसेना की स्थापना 1966 में बाल ठाकरे ने की थी। यह नाम बाल ठाकरे के पिता का दिया हुआ था। उन्होंने जब बाल ठाकरे को महाराष्ट्र के आम लोगों की बेरोजगारी-बदहाली के प्रति अपनी भावना कार्टून व अन्य छिटपुट गतिविधियों के जरिए व्यक्त करते देखा तो सलाह दी कि यह काम संगठित रूप से करें।

इसी सलाह के बाद बाल ठाकरे ने शिवसेना बनाई। संगठन बनाने के साथ ही बाल ठाकरे ने दक्षिण भारतीयों को दुश्मन नंबर एक मान कर उनके खिलाफ बिगुल बजा दिया। ठाकरे ने कहा 'यांडुगुंडु' मराठी लोगों की नौकरियां ले जा रहे हैं। उनके इस स्टैंड को युवाओं का भरपूर साथ मिला और बाल ठाकरे के साथ-साथ शिवसेना की लोकप्रियता बढ़ती गई। शिवसेना के निर्माण के बाद से महाराष्ट्र की राजनीति का खालीपन भी भरता गया। संयुक्त महाराष्ट्र की लड़ाई लड़ रही संयुक्त महाराष्ट्र समिति की हालत खस्ता हो गई थी और इसका फायदा शिवसेना को मिला। स्थानीय लोगों की भावनाओं को आवाज देने वाले के रूप में बाल ठाकरे की लोकप्रियता लगातार बढ़ती गई। बाल ठाकरे ने उग्र और हिंसक रास्ता अख्तियार कर जनभावनाओं को खूब भुनाया। उद्धव ऐसा करने में कामयाब नहीं रहे। अब उनके पास विधायक और सत्ता भी नहीं है। उनके पास समय भी कम है। चुनाव में ढाई साल ही बचे हैं। ऐसे में कैडर बचाना-बढ़ाना भी आसान नहीं होगा।

## ट्विटर



हमारा उद्धव ठाकरे के साथ कोई व्यक्तिगत लेना-देना नहीं है। हम शिवसैनिक हैं और शिवसेना हमारी है। बाला साहेब के विचारों की तिलांजलि नहीं दे सकते।

**एकनाथ शिंदे, मुख्यमंत्री**




शिवेसना किसकी है और किसकी नहीं, यह पूरा देश जानता है। शिवसेना पर अधिकार की लड़ाई का कोई मतलब नहीं है। अभी हम जनाधार बढ़ाने में लगे हैं।

**आदित्य ठाकरे, विधायक**

सत्यार्थ

# व्यवहार में होती है श्रेष्ठता

**किसी** कंपनी को एक योग्य व्यक्ति की तलाश थी। इसके लिए उसने अखबारों में विज्ञापन दिया। पचास लोग साक्षात्कार देने आए। साक्षात्कार लेने खुद कंपनी का मालिक अपने एक मित्र के साथ बैठा। साक्षात्कार के बाद उस पद के लिए एक ऐसे व्यक्ति का चयन कंपनी के मालिक ने किया, जो कि दिखने में बिलकुल ही सामान्य था। उसके पास कोई अतिरिक्त योग्यता भी नहीं थी। मित्र ने पूछा- साक्षात्कार के लिए यहां बड़ी-बड़ी डिग्रियां और सिफारिशें लेकर लोग आए। तुमने सबको खारिज कर दिया, पर तुमने एक ऐसे व्यक्ति को ही क्यों चुना, जिसके पास न तो खास योग्यता है और न ही वह कोई सिफारिशी खत लाया था। इस पर मालिक ने कहा- तुम गलत समझ रहे हो। कई बातों ने उस की खूब सिफारिश की है। जब वह साक्षात्कार देने आया तो उसने डोरमैट पर अपने जूते रगड़े, फिर कमरे में दाखिल हुआ। उसने दरवाजा धीमे-से बंद किया। इससे पता चला कि वह कितना सलीकेदार है। वह साक्षात्कार देने आए एक विकलांग प्रत्याशी के लिए फौरन अपनी सीट छोड़कर उठ खड़ा हुआ। जाहिर है, वह दूसरों का खयाल रखने वाला है। फर्श पर पड़ी हुई पुस्तक को उसने उठाकर मेरी मेज पर रखा, जबकि दूसरे लोग इसके प्रति लापरवाह बने रहे। मैंने देखा कि उसके कपड़े साफ-सुथरे थे व दांत दूध की तरह सफेद और चमकीले थे। उसकी ये आदतें हजारों सिफारिशी खतों पर भारी हैं। मैं दस मिनट किसी को ठीक से देखकर उसका चरित्र पहचान सकता हूं। कोई भी सिफारिशी खत उसके विषय में इतना स्पष्ट नहीं कर सकता। मनुष्य की श्रेष्ठता उसके व्यवहार से अपने आप प्रकट होती रहती है। वाकई हमारी आदतें ही हमारी श्रेष्ठता को स्पष्ट करती हैं।



**सुभाष बुड़ावनवाला**

## 16 ग्राम अवैध स्मैक के साथ महाराजगंज पुलिस टीम के द्वारा 01 अभियुक्त किया गया गिरफ्तार



अमर ख्याल संवाददाता राजन

आज दिनांक 12 जुलाई 2022 को थाना महराजगंज पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त देवेन्द्र सिंह उर्फ छोटू पुत्र सूर्यभान सिंह निवासी ग्राम पूरे ढकुलिया मजरे लालुपुर थाना महराजगंज जनपद रायबरेली को 16 ग्राम अवैध स्मैक के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । जिसके विरूद्ध थाना महराजगंज पर मु0अ0सं0-208/2022 धारा-8/21 एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

देवेन्द्र सिंह उर्फ छोटू पुत्र सूर्यभान सिंह निवासी ग्राम पूरे ढकुलिया मजरे लालुपुर थाना महराजगंज जनपद रायबरेली बरामदगी 16 ग्राम अवैध स्मैक ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

**उ0नि0 श्रवम कुमार श्रीवास्तव थाना महराजगंज रायबरेली**

**उ0नि0 सौरभ मलिक थाना महराजगंज रायबरेली**

**का0 धर्मेन्द्र सिंह महराजगंज रायबरेली**

**का0 सुनील सिंह थाना महराजगंज रायबरेली**

## पत्रकार ने 3 लोगों पर कराया मुकदमा दर्ज

### जमीनी विवाद को लेकर पत्रकार को 8 दिन के अंदर जान से मारने की धमकी दे दी




अमर ख्याल । नाजिर खां

बदायूँ । अलापुर - थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा म्याऊं से बदायूँ अमर प्रभात दैनिक अखवार के पत्रकार की दुकान पर तीन लोग अचानक आए और गाली गलौच कर आठ दिन के अंदर जान से मारने की धमकी देकर चले गए है आपको बता दे कि कस्वा म्याऊं क्षेत्र से नरेंद्र सिंह हिंदी दैनिक अखवार अमर प्रभात से पत्रकार है और ऑल इंडिया रिपोटर्स एशोसिएशन (आईरा) संगठन से जिला उपाध्यक्ष भी है और उनकी म्याऊं में फर्नीचर की दुकान भी है दिनांक 9/7/22 को वह अपनी दुकान पर वैठे थे कि म्याऊं निवासी राघबेन्द्र सिंह पुत्र सतेंद्र सिंह व उनका रिश्तेदार श्याम सिंह पुत्र ओमकार सिंह व चाँदनी किन्नर पुत्र ओमकार सिंह निवासी बाराकला थाना कलान जिला शाहजहाँपुर आए और प्रार्थी की दुकान पर गाली गलौच करने लगे बोले मेरा जमीनी विवाद पुलकित सिंह से है तुम क्यो मदद कर रहे हो तब मैंने कहा कि मैं उनकी मदद कहाँ कर रहा हूँ मैंने कहा यहाँ समाज के सामने गालियां क्यो दे रहे हो पहले पता करो इतने में पड़ोस के दुकानदार भी आ गए और तीनों लोग मुझे आठ दिन के अंदर जान से मार देने व देख लेने की धमकी देते चले गए किंतु उक्त तीनों लोगो से मुझे जान माल का खतरा है

मैं पेशे से पत्रकार हूँ पत्रकार नरेंद्र को दिन रात हर समय आना जाना रहता है

उक्त लोगो का जमीन सम्वन्धी विवाद गाँव के पुलकित सिंह से चल रहा है पत्रकार नरेंद्र सिंह ने इसकी लिखित शिकायत थाना अलापुर पुलिस चौकी और पत्रकार ने थाना अलापुर में अभियोग पंजिकृत करा दिया है

## एसपी द्वारा थाना टाण्डा का किया गया वार्षिक निरीक्षण



अमर ख्याल। राहुल कुमार

रामपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार द्वारा थाना टाण्डा का वार्षिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान थाने पर बने महिला हैल्प डेस्क, कम्प्यूटर रूम थाना परिसर, मैस, बैरक, मालखाना, कार्यालय को चेक किया गया एवं थाना कार्यालय पर बने रजिस्टरों के रख-रखाव, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया गया और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया।

इसके अतिरिक्त एसपी अशोक कुमार द्वारा थाना टाण्डा परिसर में नवनिर्मित शीतल जल प्याऊ सन्तरी पोस्ट एवं आगंतुक कक्ष का भी उद्घाटन किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी स्वार श्रीकान्त प्रजापति भी मौजूद रहे।

## एसएसपी द्वारा प्रमुख उधमियों एवं व्यापारी पदाधिकारीगणों के साथ की गयी गोष्ठी

अमर ख्याल। राहुल कुमार

रामपुर। अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में रामपुर के प्रमुख उधमियों एवं व्यापारीगण के साथ गोष्ठी की गयी उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। गोष्ठी में व्यापार मण्डल के राजीव शर्मा जिलाध्यक्ष व्यापारी प्रतिनिधि मण्डल अनिल अग्रवाल जिलाध्यक्ष व्यापारी प्रतिनिधि मण्डल राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्दीप अग्रवाल सोनी, विपुल गुप्ता युवा जिलाध्यक्ष, शाहिद अली जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदि

# पत्रकार सुरक्षा अधिनियम कानून लागू हो- आईरा

## पत्रकारो का उत्पीडन नही होने देगी आईरा 19 जुलाई को सभी तहसीलो पर होगा प्रदर्शन ज्ञापन - ठा वेदपाल सिहं




अमर ख्याल । नाजिर खां

बदायूं - आंल इंडिया रिपोटर्स एसोसिएशन आईरा वदायूं के नेतृत्व मे कैम्प कार्यालय पर आईरा तथा पत्रकारो की अहम वैठक हुयी जिसमे संगठन बिस्तार पत्रकार हित तथा उत्पीडन के विरोध प्रदर्शन करने तथा ज्ञापन देने के विषय मे सभी पत्रकारो ने चर्चा की वैठक मे आईरा जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिंह ने कहा कि पत्रकारो की कई बर्षों की मांग पत्रकार सुरक्षा अधिनियम कानून सरकार लागू करे तथा पत्रकारो की सुरक्षा और सम्मान के लिए विशेष प्रबंध किये जाये 19 जुलाई को जिले की सभी तहसीलो पर तहसील अध्यक्ष तथा प्रभारी की अध्यक्षता मे पत्रकारो की पांच सूत्रीय मांगो को लेकर मा मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारियो को ज्ञापन सौपा जायेगा जिलाउपाध्यक्ष दीपक बार्ण्णेय ने कहा कि मान्यता प्राप्त एवम गैर मान्यता पत्रकारो को सरकार द्वारा मानदेय दिया जाये एवं स्वास्थ एवम परिवहन सेवा निःशुल्क उपलब्ध करायी जाये आईरा मण्डल सचिव सौरभ पाल ने कहा कि शासन प्रशासन पत्रकारो का उत्पीडन वंद करे उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस और प्रशासन चौथे स्तम्भ का सम्मान करे जिलासचिव राशिद खान ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है पत्रकारो ने लोकतंत्र परंपराओ और जनतंत्र की रक्षा के लिए हमेशा अपने कर्तब्यो का पालन किया है लेकिन मीडिया संस्थाओ तथा पत्रकारो के खिलाफ फर्जी शिकायते कर उत्पीडन किया जा रहा है तथा चौथे स्तम्भ को चिंता का बिषय हैं तहसील उपाध्यक्ष धीरेश सिंह ने कहा कि सरकार विना जांच के पत्रकारो तथा मीडिया संस्थानो पर कार्यवाही न करे तथा पत्रकारो द्वारा सामाजिक एवम देश हित में प्रकाशित खबरो पर प्रशासन तुरन्त कार्यवाही करे आईरा के जिलाउपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह म्याऊ को दंबगो द्वारा जाने से मारने की निंदा की गयी तथा बदायूं पुलिस द्वारा दंवगो के खिलाफ तुरन्त मुकदमा लिखने की बदायूं पुलिस सराहना की बैठक मे जिलाध्यक्ष आईरा बदायूं ठा वेदपाल सिंह उपाध्यक्ष दीपक बार्ण्णेय मण्डल सचिव सौरभ पाल जिला सचिव राशिद खान तहसील उपाध्यक्ष धीरेश सिहं विनोद भारद्वाज मौजूद रहे

# प्रधानों का उत्पीड़न किसी हाल में बर्दास्त नहीं - नजर प्रधान



अमर ख्याल / नाजिर खां

उसावां/बदायूं - राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की ब्लॉक प्रांगण में विकास खण्ड से संबंधित समस्त ग्राम प्रधानों द्वारा मीटिंग आयोजित की गई जिसमें संगठन के बरेली मंडल उपाध्यक्ष व बदायूं प्रभारी नजर प्रधान एवं जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार धारा सम्मिलित हुए वहीं ग्राम प्रधानों द्वारा अबगत कराया गया की ब्लॉक में प्रधानों का उत्पीड़न किया जा रहा है बीडीओ व एपीओ मनरेगा द्वारा मोटी कमीशन की मांग की जा रही है ग्राम प्रधानों ने यह भी बताया की मनरेगा कार्य में बिना प्रधान के मर्जी के कार्य कराये जा रहे हैं बताते चलें कि संगठन के जिला प्रभारी नजर प्रधान ने प्रधानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानो का उत्पीड़न किसी हाल में बर्दास्त नहीं किया जाएगा अगर प्रधानों की समस्यांओ का जल्द समाधान नहीं किया गया तो जल्द ही जिले के सभी प्रधान जिला कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे उन्होने बताया कि ब्लॉक अम्बियापुर में में मनरेगा व ग्राम निधि कार्य में प्रधानों से खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कमीशन मांगी जा रही है और प्रधानों से अवैध बसूली की जा रही है प्रधानों के द्वारा इसका विरोध करने पर जाँच के नाम पर कार्यवाही कर जेल भेजनें की धमकी दी जा रही है इन समस्त समस्याओं को लेकर बुधवार समय करीब 4:00 बजे समस्त ग्राम प्रधानों ने नव चयनित खण्ड विकास अधिकारी अनिरुद्ध मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है

वही तेजतर्रार खंड विकास अधिकारी श्री मिश्रा ने समस्त ग्राम प्रधानों को जल्द से जल्द समस्याओं का निपटारा करने का आश्वासन दिया है इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नरेशपाल सिंह विश्वनाथ यादव कुसुम लता विजयपाल सतीश चंद्र सीता ध्यानपाल राकेश राजबहादुर रेहाना सुरेश चंद्र आर्येंद्र सिंह मोहिनी मनोज कुमार भगवान देवी हुमा वी शेर सिंह शिव सिंह ओमेंद्र सतीष चन्द्र इकराम आलम राकेश राठौर यादवेन्द्र शाक्य महताब एवं रिहाना सहित आदि प्रधान मौजूद रहे।

## चुनाव निरस्त करने की मांग,,क्या अन्य वार्डों के जिला पंचायत सदस्य चुनाव में भी कहीं ऐसी गड़बड़ी तो नहीं



अमर ख्याल । इन्द्रपाल यादव

अनूपपुर (मध्य प्रदेश) जिले में संपन्न हुये पंचायत चुनाव के बाद ग्राम लतार-पड़ौर मतदान केन्द्र के आसपास कटे फटे सील लगे बैलेट पेपर के मिलने पर,चुनाव निरस्त करने की मांग किया गया है? मामले के अनुसार जनपद पंचायत अनूपपुर के क्षेत्र क्रमांक 10 का निर्वाचन निरस्त कराये जाने हेतु प्रत्याशी बाबी कुंवर सिंह ने जिला निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर को लिखित शिकायत करते हुये मांग की गई है। जहां ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि उक्त क्षेत्र का निर्वाचन 8 जुलाई को संपन्न हो चुका है, जिसका परिणाम 14 जुलाई को घोषित किया जाना है। लेकिन 12 जुलाई की सुबह ग्राम लतार, पड़ौर में निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र में कई जगह बैलेट पेपर जिसमें प्राथी के नाम के सामने सील लगी हुई है, जो कटे फटे हालत में पड़े मिले हैं जिसमें संभावनाएँ जताई जा रही है कि बैलेट पेपर मतपेटियों से निकालकर दूसरे के नाम से सील लगाकर वोट डाला गया है। जिसके कारण उक्त निर्वाचन परिणाम दूषित हो गया है। जिसकी कटे फटे बैलेट पेपर की छायाप्रति प्रेषित की गई है। जिस पर जनपद क्षेत्र क्रमांक 10 की प्रत्याशी बाबी कुंवर सिंह ने जनपद पंचायत अनूपपुर के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 का निर्वाचन निरस्त कर पुनः निर्वाचन कराये जाने की मांग की गई।

जिनके द्वारा यह भी कवायद किये जा रहे तब क्या जिले में जहाँ भी जिला पंचायत सदस्य के चुनाव हुये हैं वहाँ के वार्डों में भी क्या कहीं इसी तरह का नजारा तो नहीं अगर ऐसा हुआ है तब चुनाव निर्वाचन आयोग को कड़ाई पूर्वक इस मामले पर संज्ञान लेते हुये बड़ी सघनता से जांच कराते हुये, दोषी पाये व्यक्ति पर कड़ी कार्यवाही करना चाहिये जिससे निर्वाचन आयोग के कार्यशैली पर कोई भी सवाल उठाकर जिम्मेदार ठहराने का कार्य न कर सके

## पुलिस मुठभेड में दो अभियुक्तगण गिरफ्तार

अमर ख्याल। राहुल कुमार

रामपुर। एसपी अशोक कुमार शुक्ला द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर संसार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी स्वार के नेतृव में थाना टाण्डा रामपुर पुलिस द्वारा सूचना मिली कि ग्राम अल्लेहपुर के जंगल में स्थित नाले में कुछ गौकशी कर रहे है। इस सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर जाकर देखा तो जंगल में मौजूद लोग अवैध कटान कर रहे थे। पुलिस टीम को देखकर जंगल के लोगों ने पुलिस टीम को जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसमें वली हसन पुत्र गुलाम मोहम्मद निवासी ग्राम अल्लेहपुर थाना टांडा रामपुर दूसरे अभियुक्त मोहम्मद अली पुत्र बली अहमद निवासी ग्राम अल्लेहपुर थाना टांडा जनपद रामपुर के पैर में गोली लग जाने के कारण घायल हो गये। है तथा 01 अभियुक्त मौके से फरार हो गये। घायल अभियुक्तो का उपचार कराया जा रहा है। 50 किलो प्रतिबन्धित पशु का मांस चार अदद गौवंश पैर तीन अदद छूरी, दो कुल्हाडी एक मोबाईल एक अदद तमन्चा 12 बोर मय नाल मे खोखा कारतुस व एक तमचा 315 बोर मय नाल में फंसा खोखा कारतस एक तराजू एक लकडी का गटट 02 छूरी, 01अद्द नाजायज तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर तथा एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ

## गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



अमर ख्याल / सोनी

लालगंज रायबरेली तहसील क्षेत्र के गेगासो घाट पर गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर लाखों की संख्या में महिला पुरुष बच्चों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगा मां गंगा से आशीर्वाद प्राप्त किया ज्ञात हो कि गुरु पूर्णिमा होने के कारण सभी शिष्यों द्वारा अपने अपने गुरुओं की पूजा अर्चना की गई बताया जाता है बिना गुरु के जीवन अधूरा रहता है प्रत्येक मनुष्य के जीवन में काल में गुरु का अपना अलग ही महत्त्व हैं इसलिए गुरु का होना अनिवार्य है क्योंकि गुरु ही अपने शिष्य को कच्ची मिट्टी की तरह तरास कर उसे बर्तन का आकार देता है

इसी क्रम में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गेगासो डलमऊ रालपुर गोकना आदि घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर भोलेनाथ पर जलाभिषेक क मा संकट्ठा का दर्शन पूजा कर अपने को धन्य माना गुरु पूर्णिमा मेला सकुशल संपन्न हो किसी प्रकार की अराजकता न फैलने ना पाए इसके लिए क्षेत्राधिकारी लालगंज कोतवाल सरेनी चौकी रिचार्ज गेगासो मैं भारी फोर्स के साथ पूरे मेला परिसर वा घाटों की तत्परता से निगरानी में लगे रहे

## गैंगस्टर अधिनियम का वांछित व 25,000/- रुपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार



अमर ख्याल संवाददाता राजन

बछरावां रायबरेली। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत दिनाँक 11 जुलाई 2022 को थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा मुखबिरखास की सूचना पर थाना बछरावां पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या-380/2022 धारा-2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द अधिनियम का वाँछित व 25,000/- रुपये का इनामिया अभियुक्त शमसुल पुत्र झुबरा निवासी ग्राम बेलहरी थाना फरखपुर जनपद बहराइच को 01 अदद तमन्चा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है

जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-404/2022 धारा-3/25 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जा रहा है । अभियुक्त का अपराधिक इतिहास भी है साथ ही कई थानों में कई मामलों में मुकदमा भी दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव थाना बछरावां उप-निरीक्षक शेखर कुमार थाना बछरावां आरक्षी सत्येन्द्र कुमार यादव थाना बछरावां आरक्षी मुकेश सिंह थाना बछरावां आरक्षी रवि शंकर यादव थाना बछरावां आरक्षी चालक उदयवीर सिंह थाना बछरावां रायबरेली ।

## त्रिस्तरीय नगरीय निकाय चुनाव को मद्देनजर रख पुलिस प्नशासन द्वारा शानदार फ्लैग मार्च कर किया गया शक्ति प्नदर्शन,क्षेत्रीय लोगों ने की प्नशंसा



अमर ख्याल । इन्द्रपाल यादव

अनूपपुर (मध्य प्रदेश)थाना क्षेत्र रामनगर अंतर्गत 13 जुलाई को होने जा रहे मतदान को लेकर रामनगर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया यह फ्लैग मार्च शक्ति प्नदर्शन चुनाव में शांति व्यवस्था को कायम रखने हेतु सभी को हिदायत देने का कार्य रामनगर पुलिस द्वारा किया गया पुलिस द्वारा निकाले गये यह फ्लैग मार्च को देखकर क्षेत्र के कई जगहों पर लोगों में चर्चा का माहौल और भय भी व्याप्त साफ सुनने व देखने को मिल रहा? पुलिस प्नशासन के इस तरह का फ्लैग मार्च शक्ति प्नदर्शन उपद्रवियों में दहशत बनाये जाने एवं पुलिस द्वारा जो कड़ाई रखी गई है उसमें शासन चुनाव को लेकर जारी निर्देशित नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करने सभी को हिदायत देने की दृष्टिकोण से किया गया है ताकि कोई भी जन या नेतागण किसी प्नकार का उपद्रव फैलाने जैसा कार्य न करने पाये? मतदाता गण भी निर्देशित नियमों का सही ढंग से पालन करते हुये ही मतदान करें और कहीं भी क्षेत्र में माहौल गड़बड़ होते देख पुलिस को सूचित करने को लेकर भी जानकारी दिये पुलिस प्नशासन द्वारा पैदल फ्लैग मार्च तीनो नगर परिषद डोला,डूमरकछार,बनगवां मे किया गया? जिसमें रामनगर थाना प्नभारी के साथ सैकड़ों पुलिस बल साथ रहे जिनके द्वारा क्षेत्र के समस्त वार्डों एवं प्नत्येक बूथ स्तरों तक मार्च पुलिस द्वारा किया गया निकाले गये फ्लैग मार्च को देख क्षेत्रीय कई लोग पुलिस प्नशासन की सराहना व प्नशंसा करने के साथ कई लोग पुलिस की सक्रियता को लेकर घबराये भी नजर आये निकाले गये फ्लैग मार्च से क्षेत्र मे हलचल बना हुआ भी साफ दिखा इससे प्नतीत हो रहा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहेगी और मतदान भी बेहतर व अच्छे ढंग से होने की उम्मीद क्षेत्रीय लोगों द्वारा जताई जा रही है

# अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त को कौड़िया पुलिस ने गिरफ्तार कर सफलता हासिल की

अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी

कौडिया (गोण्डा) जनपद के तेजतर्रारपुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ थाना कौडिया के थाना मदन लाल ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन पर अवैध शस्त्र रखने वाले को चिन्हित कर शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु तत्काल प्रभाव टीम किया गठित। थाना कौड़िया पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त उमेश कुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कौड़िया में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तार अभियुक्त उमेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश गोरी नि0 शुक्ल पुरवा मौजा बिंदा बाजार थाना विश्वेश्वरगंज जनपद बहराइच।

बरामदगी 01 अदद चाकू।गिरफ्तार कर्ता हे0का0 गजानन पाठक,हे0का0 राजकरन यादव टीम सहित मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 अगस्त को दिनांक हुआ सुनिश्चित

अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी

गोण्डा। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश रविन्द्र कुमार-। के आदेशानुसार 13 अगस्त, 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद-न्यायालय गोण्डा एवं समस्त तहसील स्तर पर किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव श्री विश्व जीत सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित मामलों एवं बैंक मामले, धारा 138 पराक्रम लिखत अधिनियम वाद आदि (लम्बित एवं प्री-लिटिगेशन मामले) के साथ-साथ आवश्यकतानुरूप सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर मामले, पारिवारिक वादों, स्टाम्प वादों उपभोक्ता फोरम वादों, श्रम मामलों, माध्यस्थम प्रकरणों, नगरपालिका/नगर निगम टैक्स वसूली मामलों आदि को पक्षकारों की सहमति से लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, धारा 446 द0प्र0स0 सम्बन्धी मामले, पब्लिक प्रिमिसेज एक्ट सम्बन्धी मामले उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले, आयुध अधिनियम के उपयुक्त प्रकरण, बीमा सम्बन्धी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवा/वेतन संबंधी वाद, सेवानिवृत्ति परिलाभों से सम्बन्धित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत चालान, ई-चालान, आर्बिटेज्शन के निष्पादन वाद, उत्तर प्रदेश एवं वाणिज्य अधिनियम के अन्तर्गत चालान, चलचित्र अधिनियम के अन्तर्गत, आबकारी अधिनियम सम्बन्धी वाद, गैम्बलिंग एक्ट के अन्तर्गत चालान, नगर निगम/नगर पालिका के अन्तर्गत चालान विकास प्राधिकरण, के अन्तर्गत चालान मेड़बन्दी एवं दाखिल खारिज वाद मोबाइल फोन एवं केबल नेटवर्क सम्बन्धी प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मनरेगा प्रकरण, शिक्षा का अधिकार सम्बन्धी प्रकरण, राशन कार्ड/बी0पी0एल0कार्ड/जाति एवं आय प्रमाण पत्र से सम्बन्धित प्रकरण, एवं अन्य प्रकार के वादों/प्रकरणों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर तथा अर्थदण्ड अधिरोपित करके किया जायेगा।

समस्त वादकारियों से अपील है कि 13 अगस्त, 2022 को कोविड-19 प्रोटोकाल यथा मास्क, सेनिटाइजर व सामाजिक दूरी का पालन करते हुए सम्बन्धित न्यायालय/ट्रिब्यूनल में पंहुचकर राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराकर उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग करें।

# कप्तान के निर्देशन में जनपद गोण्डा में मनाया गया, साइबर जागरूकता दिवस



अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी

गोण्डा। जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आम जनमानस में साइबर अपराध से बचाव हेतु ह्यह्यसाइबर जागरूकता दिवसह्यह्य पर जनपद गोण्डा में थानों के साइबर नोडल उ0नि0 एवं प्रशिक्षित कर्मियों के सहयोग से जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों में ႓ी१ अ६१ील्ली२२ का सेमीनार आयोजित कर ႓ी१ अ६१ील्ली२२ से सम्बन्धित पम्पलेट, पोस्टर का प्रयोग कर आम जनमानस में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे अवगत कराते हुए साइबर जागरूकता दिवस मनाया गया।साइबर अपराध जैसे इन्टरनेट बैकिंग, एटीएम कार्ड/डेविड कार्ड/क्रेडित, ओलेक्स फ्राड, वालेट/यूपीआई सम्बन्धित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्एप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइड से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप होने के सम्बन्ध में बचाव के तरीके एवं साइबर अपराध घटित होने पर थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क/हेल्पलाइन नम्बर/वेबसाइड पर शिकायत दर्ज के सम्बन्ध में व अपराध होने पर पुलिस किस प्रकार उनकी मदद कर सकती है,

इसकी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उक्त आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनमानस को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कराना था जिससे साइबर अपराध सम्बन्धी जागरूकता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा सके और नागरिकों को साइबर ठगी से बचाया जा सकें।

# एसपी ने थाना इटियाथोक का किया औचक निरीक्षण

## शिकायती प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के दिये निर्देश

अमर ख्याल / शिव आशीष गोस्वामी




इटियाथोक(गोण्डा)जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने थाना इटियाथोक का औचक निरीक्षण किया। जिसमें थाना परिसर, आरक्षी बैरिक, भोजनालय, थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने रिकार्डो को अद्यतन करने व साफ सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला आरक्षियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108 व 102 के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक करने के भी निर्देश दिए। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने थाने के त्योहार, मासिक व अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया तथा सभी अभिलेखो को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने क्क्रत्र/जनशिकायतों के सम्बन्ध में मीटिंग कर लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर प्रत्येक क्क्रत्र/शिकायती प्रार्थना पत्रो का स्वयं मौके पर जाकर आवेदक की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने एवं लम्बित विवेचनाओ का भी गुणदोष के आधार पर निस्तारण व वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर विनय कुमार सिंह, थानाध्यक्ष इटियाथोक करूणाकर पाण्डेय, पीआरओ राकेश सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वन स्टॉप सेंटर गोण्डा ने गुमशुदा महिला को उसके परिजनों से मिलाया

## अपनो परिजनों से मिलकर महिला ने व्यक्त की काफी प्रसन्नता



अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी

गोण्डा। जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने मित्र पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने तथा जनमानस की समस्याओं को सुन त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश जनपदीय पुलिस को दिए थे।कप्तान के कुशल निर्देशन में वन स्टॉप सेंटर गोंडा द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए गुमशुदा महिला को उनके परिजनों से मिलवाया गया। दिनांक 10.07.2022 को पीआरबी 0861 द्वारा ग्राम मथुरा सदानंद थाना कोतवाली देहात से रात्रि 12:30 बजे एक मानसिक रूप से बीमार महिला को वन स्टॉप सेंटर गोंडा पर संरक्षित कराया गया था। वन स्टॉप सेंटर गोंडा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए डीसीआर के माध्यम से गुमशुदा महिला के पति, जो जनपद बरेली के रहने वाले थे से संपर्क किया गया। आज दिनांक 13.07.2022 को गुमशुदा महिला के पति द्वारा वन स्टॉप सेंटर गोंडा में उपस्थित होकर समस्त डिटेल दी गई। डिटेल लेने के उपरांत गुमशुदा महिला को उसके पति को सकुशल सुपुर्द किया गया। अपनों से मिलकर महिला के चेहरे पर मुस्कान लौटी। गुमशुदा महिला को उनके परिजनों से मिलाने पर वन स्टॉप सेंटर के कर्मियों की आमजनमानस मे काफी सराहना हो रही है।

# लड़की के साथ षड्यंत्र रचकर भगाने का वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

## बहला-फुसलाकर लड़की के साथ षड्यंत्र रचकर भगाने का अभियुक्त को कटरा पुलिस ने गिरफ्तार कर सफलता हासिल की



अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी

कटरा बाजार(गोण्डा) जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ थाना कटरा बाजार के थाना अध्यक्ष चितवन कुमार ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन पर उक्त मामले में लड़की के साथ षड्यंत्र रच कर भगाने वाले अभियुक्त को तत्काल प्रभाव से शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु टीम किया गठित। थाना कटरा बाजार पुलिस ने लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के वांछित अभियुक्त राहुल कोरी को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना कटराबाजार क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता के पिता द्वारा थाना कटराबाजार में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार अभियुक्त राहुल कोरी पुत्र फेरन नि0 नरायणपुर जनपद भगौड़ा नेपाल,गिरफ्तार कर्ता टीम उ0नि0 अभिषेक मिश्रा मय टीम सहित मौजूद रहे।

# अवैध कच्ची शराब के एक तस्कर को कटरा पुलिस ने गिरफ्तार कर सफलता हासिल की

अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी



कटरा बाजार (गोण्डा) जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध कच्ची शराब व मादक पदार्थों की तस्करी/ बेचनें में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को कड़े निर्देश दिए, वही दूसरी तरफ थाना कटरा बाजार के थाना अध्यक्ष चितवन कुमार ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन पर अवैध कच्ची शराब का तस्करी करने वाले को चिन्हित कर शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु तत्काल प्रभाव से टीम किया गठित।थाना कटरा बाजार के थानाध्यक्ष चितवन कुमार के कुशल निर्देशन में उ0नि0 अमित कुमार मय पुलिस टीम द्वारा 15 ली0 मिलावटी कच्ची शराब व 01किलो ग्राम यूरिया 500ग्राम नौसादर के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। थाना अध्यक्ष चितवन कुमार ने अवैध कच्ची शराब का तस्करी करने वाले के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही कर तत्परता दिखाते हुए कहा कि अगर कोई भी अवैध कच्ची शराब का तस्करी करता हुआ पाया गया, तो तत्काल प्रभाव से शीघ्र ही गिरफ्तार करके सख्त से सख्त कठोर दंडात्मक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेज दिया जाएगा। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण पवन सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम शेरापार मौजा पूरेबहोरी थाना कटरा बाजार गोण्डा।बरामदगी का विवरण 15 ली0 मिलावटी कच्ची शराब व 01किलो ग्राम यूरिया 500 ग्राम नौसादर।गिरफ्तार कर्ता टीम उ0नि0 अमित कुमार, हे0का0 मृत्युंजय गुप्ता,कां0 अवनिश कुमार टीम सहित मौजूद रहे।

# अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त चढ़ा पुलिस हत्थे

अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी

मनकापुर (गोण्डा) जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को कड़े निर्देश दिए, वही दूसरी तरफ थाना मनकापुर के थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अवैध शस्त्र रखने वाले को चिन्हित कर शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु तत्काल प्रभाव टीम किया गठित। थाना मनकापुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त मुख्तार अली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना मनकापुर में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तार अभियुक्त मुख्तार अली पुत्र छोटे नि0 ग्राम करोहामान थाना को0 मनकापुर जनपद गोण्डा।बरामदगी 01 अदद नाजायज चाकू।गिरफ्तार कर्ता हे0का0 इन्द्रेश कुमार, हे0का0 ज्ञानेश्वर वर्मा टीम सहित मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में विभागीय कार्यो एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

## राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिये निर्देश-डीएम



अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी

गोण्डा। जनपद के तेजतर्रार जिलाधिकारी डॉक्टर उज्वल कुमार की अध्यक्षता में विभागीय कार्यो एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में सिंचाई विभाग, मण्डी समिति, श्रम विभाग, स्टांप, वाणिज्य कर विभाग, वन विभाग, खनन विभाग, नवीन परती, खलिहान, अवैध कब्जा, परिवहन विभाग, आबकारी विभाग, भू-राजस्व, स्टाम्प देय, विद्युत विभाग, बांटमाप, आईजीआरएस आदि पर समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वसूली में तेजी लायें। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि सभी एसडीएम समय से कार्यालय में बैठे। जिससे आम जनता को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एआरटीओ बबिता वर्मा, आबकारी अधिकारी उमेश चन्द्र पाण्डेय, समस्त ईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जन सामान्य से डीएम की अपील मदद के लिए कन्ट्रोल रूम के नंबरों पर कॉल करें

**अमर ख्याल / अहमद रजा**

बलरामपुर में नदियों का जलस्तर बढ़ने एवं बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्रुति के निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित आपदा प्रबंधन केन्द्र ई0ओ0सी0 में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर कन्ट्रोल रूम के नंबर जारी कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक को बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी नामित किया है। इसके साथ ही आठ-आठ घंटों की तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि कन्ट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा तथा बाढ़ से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा मदद के लिए जनसामान्य कन्ट्रोल रूम के नंबर 05263-236250 9170277336 8960010336 एवं टोल फ्री नंबर 1077 पर कॉल कर सकते हैं।

# खाकी हुई तार तार बलरामपुर में खाकी की गुंडई आई सामने

अमर ख्याल / अहमद रजा

बलरामपुर युवक को बुरी तरह पीटने के बाद दरोगा ने कनपटी पर ताना अपना सर्विस रिवाल्वर जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो संज्ञान में आया है कि नशे में धुत में उप निरीक्षक ने युवक को बुरी तरह से पीटा और युवक की कनपटी पर अपना सर्विस रिवाल्वर तान दी। मामला बताते चलें जनपद बलरामपुर के थाना ललिया में तैनात उप निरीक्षक अरुण कुमार गौतम जो किसी काम से पीपल तिराहा पुलिस चौकी बलरामपुर गए थे। इनकी मोटरसाइकिल पतंजलि स्टोर बलरामपुर के सामने और बैंक कर्मचारी मोहित कुमार दीक्षित से भिड़ंत के कारण व्यक्ति को बुरी तरह से मारा पीटा और घसीट कर चौकी के अंदर ले गए।अपनी सरकारी सर्विस रिवाल्वर निकालकर उसकी कनपटी पर तान दी जिससे व्यक्ति काफी से डर गया? और चिल्लाता रहा साहब गलती हो गई माफ कर दो सनकी दरोगा ने व्यक्ति की एक भी नहीं सुनी।सोशल मीडिया पर वायरल दरोगा के वीडियो को बलरामपुर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने संज्ञान में लेते हुए बताया कि उप निरीक्षक अरुण कुमार गौतम को निलंबित कर दिया गया है और विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

# युद्ध स्तर पर कार्य होना है,हर घर झंडा लगना है,मुख्य विकास अधिकारी

## आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

अमर ख्याल संवाददात शिव आशीष गोस्वामी



गोण्डा। जिला पंचायत सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी।उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत 11 से 17अगस्त 2022 के मध्य प्रत्येक भारतीय को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभाग वार झंडा निर्माण एवं वितरण का लक्ष्य तय किया गया। जनपद के प्रत्येक घर एवं प्रतिष्ठान तथा सरकारी कार्यालयों, भवनों आदि पर इन झंडों को फहराया जाना है। उन्होंने कहा है कि जनपद में झंडों का लक्ष्य लगभग 5.00 लाख है। कुछ प्रमुख विभाग निम्नलिखित हैं जिनका लक्ष्य इस प्रकार है- पूर्ति विभाग-20 हजार, स्वास्थ्य विभाग-30 हजार , पुलिस विभागझ्र20 हजार, राजस्व विभाग 16 हजार, कृषि विभागझ्र10 हजार , जिला विद्यालय निरीक्षक 10 हजार बेसिक शिक्षा-20 हजार आदि, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करना सुनिश्चित करें। जनपद का प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए झंडा अभियान में बढ चढकर भागीदारी निभाएं।आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिकाओं, राशन डीलर, शिक्षक, शिक्षामित्र, आशा एवं प्रत्येक विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश सोनी ,सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, प्रोबेशन अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, डीआईओएस सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमर ख्याल शिव आशीष गोस्वामी

तरबगंज (गोण्डा)जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों कीशीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ थाना तरबगंज के थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में उक्त मामले के वांछित अभियुक्त को शीघ्र ही गिरफ्तार करने हेतु टीम किया गठित। थाना तरबगंज पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित अभियुक्त लालमणि मिश्रा उर्फ लल्लू को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने वादी शिवनायक पुत्र मनमोहन नि0 पलिया चरौठा थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा की लड़की को दहेज की बात को लेकर प्रताड़ित करते हुए अपने परिजनों के साथ मिलकर जान से मार दिया था जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना तरबगंज में अभियोग पंजीकत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार अभियुक्त लालमणि मिश्रा उर्फ लल्लू पुत्र केदारनाथ मिश्रा नि0 सरावां थाना तरबगंज जनपद गोण्डा।गिरफ्तार कर्ता टीम उ0नि0 सोम प्रताप सिंह मय टीम सहित मौजूद रहे।

## संत निरंकारी फाउंडेशन के सहयोग से पीड़ित व्यक्ति को मिला रक्तदान



अमर ख्याल। संवाददाता चमन अली

हमीरपुर जिला अस्पताल में भर्ती निवाशी कजियाना हमीरपुर पिता स्व. किशोरा के पुत्र मथुरा प्रसाद को अचानक तबियत खराब होने पर उन्हें भर्ती किया गया जिसपर चिकित्सको ने खून की कमी बताई । जिसपर संत निरंकारी फाउंडेशन के सदस्य पप्पू ने पीड़ित व्यक्ति को दिया रक्तदान । बुंदेलखंड रक्तदान समिति ने संत निरंकारी फाउंडेशन के सदस्य पप्पू को ह्रदय से आभार प्रकट किया करती।

## मौसम की बेरुखी ने किसानों की बढ़ाई चिंता

**अमर ख्याल। संवाददाता चमन अली**

हमीरपुरआषाढ़ माह बीत जाने के बाद क्षेत्र में बरसात न होने से किसान मायूस होकर आसमान की तरफ निहार रहा है। बरसात न होने से खरीफ की फसल की बुवाई नहीं हो पा रही है। वही धान की फसल की तैयारी कर रहे किसान भी रोपाई नही कर पा रहे हैं। किसान परेशान हैं। सूखा के आसार नजर आने से  किसान परेशान हैं।आषाढ़ मास में बरसात होने से किसान खेतो में तिल, मूंग,उर्द, बाजरा,ज्वार, सोयाबीन , अरहर आदि की खेती खरीफ की फसल में कर देते थे। लेकिन इस वर्ष पूरा आषाढ़ मास बीत जाने के बाद पर्याप्त बरसात न होने से किसी फसल की बुवाई नही हो पाई है। किसान इससे परेशान हैं। नलकूप के सहारे धान की खेती करने वाले किसानों ने धान की पौध तैयार कर ली है। लेकिन बरसात न होने से खेती में पानी नही भर पा रहा है इससे धान की रोपाई भी नही हो पा रही है। इससे पौध खराब हो रही है। खरीफ फसल से किसानों का रबी फसल के लिए खाद बीज का खर्च निकल जाता था। लेकिन इस वर्ष मानसून के दगा दे जाने से किसान उदास दिखाई दे रहा है। कुरारा क्षेत्र के डामर गांव निवासी किसान खडग सिंह यादव, बद्री सिंह, कस्बा कुरारा निवासी किसान देवेंद्र सिंह चौहान, धर्मेंद्र सिंह, विवेक पालीवाल आदि किसानों ने बताया कि मानसून की बरसात न होने से खरीफ फसलों की बुवाई का समय एक माह निकल गया है। खरीफ फसल 60 से 90 दिन की होती है। लेकिन अभी तक इनकी बुवाई नही हो पाई है ।पानी के अभाव के चलते किसान परेशान हैं। वही धान की रोपाई भी नही हो पा रही है। इसके चलते किसान परेशान हैं।तथा एक पखवारा से पुर वाई की ऊंची हवा दिन रात चलने से मानसून प्रभावित हो रहा है। महा कवि घाघ की कहावत खेती के लिए चरितार्थ होती दिखाई दे रही है। जेठ चले पुरवाई तो सावन धूल उड़ाई। कृषि पर आश्रित किसान बरसात न होने से परेशान दिखाई दे रहा है।

## बिजली का तार टूटने से एक भैंस की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश



अमर ख्याल। संवाददाता चमन अली

हमीरपुर थाना जरिया में 11 हजार केवी लाईन से बिजली का तार टूट कर भैंस के ऊपर गिरने से भैंस की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बिजली उपकेंद्र में फोन से सूचना दी। तार टूटने से ग्रामीणों में आक्रोश है ।थाना जरिया निवासी रोहिणी रमण की भैंस दोपहर 1 बजे अशोक के खेत में चर रही थी अशोक के खेत से निकली हुई 11 हजार केवी लाईन से बिजली का तार टूट कर गिर जाने से करंट की चपेट में आई भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने बिजली उपकेंद्र सरीला फोन कर सूचना दी। बिजली सप्लाई बंद कर तार को हटाया गया। बिजली से हुई क्षति से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जर्जर लाईन होने के वाबजूद भी 11 हजार केवी लाईन की सप्लाई की जा रही है। बिजली का तार टूट कर गिरने से पिछले वर्ष गेहूं की फसल मे आग लग गई थी ।उस समय भी बिजली विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी,इसी वजह से आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। बावजूद इसके बाद विभाग कोई पहल नहीं कर रहा है।

## बाबा साहब अंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना का साक्षात्कार 25 जुलाई को

**अमर ख्याल। संवाददाता चमन अली**

हमीरपुर जिला विकास अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि जनपद में संचालित बाबा साहब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजनान्तर्गत ग्रामीण अंचल में निवास कर रहे इच्छुक लाभार्थियों के,जो स्वयं का व्यवसाय या सेवा उद्योग करना चाहते हैं, के आवेदन पत्र लिये गए थे। बाबासाहेब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आवेदन करने वाले व्यक्तियों को सूचित करते हुए उन्होंने बताया कि लाभार्थियों का साक्षात्कार 25 जुलाई 2022 को प्रातः 11 बजे विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एवं कियान्वयन समिति द्वारा लिया जायगा । उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों को मार्गनिदेशिका के अनुसार प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त को अपनाते हुये

## स्मैक व अन्य सामान के साथ एक महिला व एक युवक को नेपाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

अशोक कुमार पाठक



रुपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में इस समय स्मैक व अन्य नशीले पदार्थ की तस्करी बड़े अस्तर हो रही है। जब कि बार्डर पर इसे रोकने के लिए  कई प्रकार की सुरक्षा एजेंसियां तैनात है। फिर भी नशीले पदार्थों की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। रुपईडीहा से नेपाल के लिए हो रही इस नशीले पदार्थों की तस्करी में बड़े बड़े तस्कर शामिल है। इसी क्रम में भारत नेपाल सीमा से सटे नेपाली क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों से नेपाल सशस्त्र पुलिस ने एक युवक व एक महिला को स्मैक सहित गिरफ्तार किया गया है। यह दोनों रुपईडीहा से स्मैक खरीद कर नेपालगंज जा रहे थे। सशस्त्र पुलिस बल को शंका होने पर इस युवक को नेपालगंज कस्टम कार्यालय के सामने रोककर तलाशी ली गयी। उसके बैग में 1 ग्राम स्मैक, इंजेक्शन से नशा लेने के लिक्विड की 4 शीशी, 1 मोबाइल व  6610 रुपये नगद बरामद हुए हैं। पकड़े गए तस्कर की पहचान नेपालगंज उपमहानगर पालिका वार्ड नं 18 निवासी सुदीप महत्तरा के रूप में हुई है। मादक पदार्थ सहित युवक को एसपी कार्यालय बांके भेज दिया गया है। इसी प्रकार बांके जिला के कोहलपुर नगरपालिका वार्ड नं 8 शीतलनगर निवासिनी खगिसरा सुनार नामक महिला को 9 पुड़िया स्मैक सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय कोहलपुर के डीएसपी ऐन बहादुर मल्ल ने बताया कि कोहलपुर क्षेत्र में स्मैक के कारोबार करने वालो की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके पूर्व एक होटल से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई थी। उन्होंने बताया कि कोहलपुर क्षेत्र के ही कौशल्यानगर से एक नेपाली तस्कर को भारी मात्रा में स्मैक सहित पकड़ा गया था।

## दो महिलाओं को डंपर ने कुचला, दोनों की मौत

### पिता की मौत की खबर सुनकर जा रही थी मायके



अमर ख्याल। संवाददाता चमन अली

हमीरपुर हमीरपुर जिले के कानपुर सागर हाईवे पर कुछेछा चौकी के पास तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे जा रही महिलाओं को कुचल दिया जिससे एक महिला की मौके पर मौत हो गई,जबकि दूसरी महिला के अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 6 बजे हाईवे पर रहने वाले पिता की मौत हो जाने पर कुछेछा निवासी सुशीला (50) पत्नी पालटुराम निषाद और राधा रानी (55) पत्नी अयोध्या प्रसाद निषाद के साथ सड़क किनारे फुटपाथ से जा रही थी।इसी दौरान कानपुर से भरुआ सुमेरपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार डंपर यूपी 47 टी 4607 ने महिलाओं को कुचल दिया जिससे सुशीला की मौके पर मौत हो गई। वही राधा रानी को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतका राधा रानी सुशीला की चाची थी अर्थात दोनों चाची भतीजी थी। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई।

## गुरुपूर्णिमा पर्व के अवसर पर पर्यावरण संगोष्ठी का  आयोजन किया गया

### कार्यक्रम मुख्य अतिथि सदस्य विधानपरिषद डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं



अमर ख्याल। अशोक कुमार पाठक

बहराइच। गुरुपूर्णिमा पर्व के अवसर पर आज गायत्री चेतना केंद्र मैदानी बाबा आश्रम डीगिहा में श्रद्धा आस्था के साथ पावन पर्व मनाया गया। गायत्री मंदिर परिसर में पर्यावरण संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया परिसर में ही पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया गया। और उपस्थित श्रद्धालुओं को महामना मालवीय मिशन की ओर से दो हजार फलदार व वनों-औषधि प्रजाति के वृक्षों का वितरण भी किया गया। गायत्री चेतना केंद्र परिसर स्थित सभागार में उपस्थित आस्थावान जनों को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम मुख्य अतिथि सदस्य विधानपरिषद डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि  पर्यावरण संरक्षण से ही जन-जीवन सुरक्षित रह सकता है इसके लिए आवश्यक है कि  प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनकाल में अधिकाधिक संख्या में वृक्षों का रोपण करें और उन्हें संरक्षित भी करे। वृक्ष गंगा आंदोलन संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट अध्यक्ष महामना मालवीय मिशन बहराइच अवध ने बताया कि जनपद के मठ-मंदिर व शिक्षण संस्थानों के परिसर में तथा नदी , तलाब , पोखरा व जलाशय के किनारे पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया जा रहा है साथ ही उन्हें संरक्षित रखने के लिए जन सहयोग भी लिया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार द्विवेदी ने वृक्षारोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए आवाहन किया कि सभी लोग वृक्षों का रोपण करें और उनका संरक्षण भी करें तभी जन-जीवन सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन गायत्री चेतना केंद्र व्यवस्थापक आर०पी०एन श्रीवास्तव ने किया तथा आगंतुकों को गायत्री अंगवस्त्रम भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत शिवालय बाग वीरेंद्र गिरी महाराज ने किया ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी अर्जुन कुमार दिलीप जी , समाजसेवी कृष्ण चंद्र अग्रवाल समाजसेवी डी०पी गुप्ता राजन श्रीवास्तव  गौ पालक शिव पूजन वर्मा  गायत्री परिजन कांति मिश्र , रेखा श्रीवास्तव , मंजू मिश्र , नीलम चौधरी , मिथलेश श्रीवास्तव , सत्या-संध्या श्रीवास्तव , विष्णु पाठक , दुर्गेश मिश्रा , जगदीश मिश्रा , जिला पंचायत प्रतिनिधि अम्बिका यादव , समाजसेविका डॉ अनिता जायसवाल , डॉ कपिल शुक्ला समेत सैंकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन गायत्री चेतना केंद्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर राधेश्याम श्रीवास्तव ने किया।

चितौरा विकासखंड परिसर में भी बेल प्रजाति व सहिजन प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से बी०डि०ओ चितौरा बि०के श्रीवास्तव , ए०डी०ओ पंचायत डीपी सिंह , प्रधान धनंजय सिंह व प्रधान कमलेश आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रधान संगठन जिला संरक्षक संजीव श्रीवास्तव ने किया।

## महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

अमर ख्याल। राजेश कुमार



अज्ञात स्थान पर ले जाकर सामुहिक दुष्कर्म करने वाले दो

मथुरा। कोसीकलां के चौकी गौपाल बाग क्षेत्र में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तगण को थाना कोसीकलाँ पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय मथुरा अभिषेक यादव के निर्देशन में जनपद में महिला सम्बन्धित अपराधों में वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी छाता के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोसीकलां के नेतृत्व मे थाना कोसीकलाँ के चौकी क्षेत्र गोपाल बाग क्षेत्र में एक महिला को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाकर महिला को अभियुक्तगण को बाई पास तिराहा कोसीकलां से थाना कोसीकलाँ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया ।

पुलिस द्वारा पकड़े गए अभियुक्तों से कड़ी पूछताछ करने पर अपराध करने का तरीका कबूल करते हुए बताया कि महिला को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाकर बेहोश कर अपने अन्य साथीयों के साथ मिलकर किसी सुनसान स्थान पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म करना व मारपीट करना कर घायल करना । त्र इस घटना के सम्बन्ध में अभियोग धारा 376 व अन्य धाराओं सहित अनुसूचित जाति एव अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम थाना कोसीकलाँ मथुरा में पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों में महेश पुत्र डिगम्बर निवासी ग्राम खरौट थाना कोसीकलाँ, महेन्द्र पुत्र बहोरी निवासी ग्राम खरौट थाना कोसीकलाँ को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार करने वाली टीम अनुज कुमार थाना प्रभारी थाना कोसीकलाँ, उप निरीक्षक प्रवीन तेवतिया चौकी प्रभारी गौपाल बाग थाना कोसीकलाँ सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## गुरुपूर्णिमा पर्व के अवसर पर पर्यावरण संगोष्ठी का  आयोजन किया गया

अमर ख्याल / राजेश कुमार



बहराइच / गुरुपूर्णिमा पर्व के अवसर पर आज गायत्री चेतना केंद्र मैदानी बाबा आश्रम डीगिहा में श्रद्धा आस्था के साथ पावन पर्व मनाया गया। गायत्री मंदिर परिसर में पर्यावरण संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया परिसर में ही पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया गया। और उपस्थित श्रद्धालुओं को महामना मालवीय मिशन की ओर से दो हजार फलदार व वनों-औषधि प्रजाति के वृक्षों का वितरण भी किया गया। गायत्री चेतना केंद्र परिसर स्थित सभागार में उपस्थित आस्थावान जनों को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम मुख्य अतिथि सदस्य विधानपरिषद डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से ही जन-जीवन सुरक्षित रह सकता है इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनकाल में अधिकाधिक संख्या में वृक्षों का रोपण करें और उन्हें संरक्षित भी करे। वृक्ष गंगा आंदोलन संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट अध्यक्ष महामना मालवीय मिशन बहराइच अवध ने बताया कि जनपद के मठ-मंदिर व शिक्षण संस्थानों के परिसर में तथा नदी , तलाब , पोखरा व जलाशय के किनारे पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया जा रहा है साथ ही उन्हें संरक्षित रखने के लिए जन सहयोग भी लिया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार द्विवेदी ने वृक्षारोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए आवाहन किया कि सभी लोग वृक्षों का रोपण करें और उनका संरक्षण भी करें तभी जन-जीवन सुरक्षित रहेगा । कार्यक्रम का संचालन गायत्री चेतना केंद्र व्यवस्थापक आर०पी०एन श्रीवास्तव ने किया तथा आगंतुकों को गायत्री अंगवस्त्रम भेंट किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत शिवालय बाग वीरेंद्र गिरी महाराज ने किया ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी अर्जुन कुमार दिलीप जी , समाजसेवी कृष्ण चंद्र अग्रवाल समाजसेवी डी०पी गुप्ता राजन श्रीवास्तव  गौ पालक शिव पूजन वर्मा  गायत्री परिजन कांति मिश्र , रेखा श्रीवास्तव , मंजू मिश्र , नीलम चौधरी , मिथलेश श्रीवास्तव , सत्या-संध्या श्रीवास्तव , विष्णु पाठक , दुर्गेश मिश्रा , जगदीश मिश्रा , जिला पंचायत प्रतिनिधि अम्बिका यादव , समाजसेविका डॉ अनिता जायसवाल , डॉ कपिल शुक्ला समेत सैंकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

**कार्यक्रम मुख्य अतिथि सदस्य विधानपरिषद डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं**

धन्यवाद ज्ञापन गायत्री चेतना केंद्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर राधेश्याम श्रीवास्तव ने किया । चितौरा विकासखंड परिसर में भी बेल प्रजाति व सहिजन प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया गया ।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से बी०डि०ओ चितौरा बि०के श्रीवास्तव , ए०डी०ओ पंचायत डीपी सिंह , प्रधान धनंजय सिंह व प्रधान कमलेश आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रधान संगठन जिला संरक्षक संजीव

## याची शिक्षको को दी गई भावभीनी विदाई

अमर ख्याल। अशोक कुमार पाठक



बाबागंज बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में 68500 सहायक अध्यापक भर्ती के तहत चयनित शिक्षको में से 53 एमआरसी के शिक्षकों को उनके पसंद के जिले आवंटित किए गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को बीआरसी बाबागंज (नवाबगंज) प्रांगण में शिक्षक नेता शक्तिधर पाठक, सजल मिश्रा, आनंद भूषण मिश्रा, धर्मेंद्र पाल के सयुक्त प्रयास से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमे 53 शिक्षको को बीईओ राधेश्याम वर्मा के द्वारा शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मान-पत्र के साथ मालार्पण कर भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो कि 68500 शिक्षक भर्ती में नियुक्त शिक्षकों को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर अपने पसंदीदा जनपद में जाने का आदेश प्राप्त हुआ। विदित हो इन शिक्षकों को मनचाहा जिला आवंटन न होने पर कोर्ट का रुख करना पड़ा। याची शिक्षकों को मिली राहत और अपने मनचाहे जिले में जाने का आदेश प्राप्त हुआ। विदाई की पूर्व संध्या पर याची शिक्षकों में उत्साह के साथ साथ अपनों साथियों से बिछड़ने का गम भी था। इस अवसर पर शिक्षक अलोक वर्मा, प्रीति पनवार, विभोर सिंह, जीतेन्द्र कुमार, अमित कुमार, आशीष कुमार त्रिपाठी, विनोद गिरि, जीतेन्द्र कुमार शर्मा,धर्मेंद्र श्रीवास्तव उमाकांत द्विवेदी मौजूद रहे।

## 25000 रुपए का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार



अमर ख्याल। राहुल कुमार

रामपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस द्वारा रामपुर पर पंजीकृत भादवि में वांछित 25000 रुपए के पुरस्कार घोषित अभियुक्त मौ0 मतलूब उर्फ चिन्टू पुत्र मौ0 नवी निवासी हाता चौराहा मौहल्ला रसूलपुर कस्बा व थाना स्वार रामपुर को पहाडी गेट मस्जिद के पास से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।

## पीडब्ल्यू की टीम ने कस्बा सहसवान पहुंचकर लगाए लाल निशान लोगों में मचा हड़कंप

अमर ख्याल  नाजिर खां

बदायूँ । सहसवान- पीडब्ल्यूडी की टीम पैमाइश के लिए कस्बा सहसवान पहुंची बदायूं से पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम के जेई आरएन यादव के नेतृत्व में नक्शे के हिसाब से सड़क के दोनों ओर चिन्हितकरण कर लाल निशान लगाए

जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया  बता दें सहसवान इस्लाम नगर रोड जो शाहबाजपुर से बाजार विल्सन गंज कचहरी रोड होते हुए बिसौली बस स्टैंड से निकलना है जिसकी पैमाइश के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने निशान लगाकर अपनी जगह चिन्हित कर ली टीम में पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई आरएन यादव अपनी टीम के साथ एवं राजस्व विभाग के आर आई अरविंद कुमार, हल्का लेखपाल सुमित कुमार, सत्यपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह समिति विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे जिन्होंने सहसवान इस्लामनगर रोड और शाहबाजपुर चौराहे से स्टेट बैंक तक लाल निशान लगाये और इसी बीच दुकानदार और लोगों में हड़कंप मच गया

# युवक ने शादी का झांसा देकर दलित युवती से किया दुष्कर्म,पीड़िता ने एसपी से की शिकायत

अमर ख्याल / अहमद रजा

बलरामपुर जनपद में एक ताजा मामला सामने आया है जहां हरैया थाना क्षेत्र के रनियापुर गांव के रहने वाले युवक ने एक 21 वर्षीय दलित युवती के साथ शादी का झांसा देकर 6 माह तक दुष्कर्म किया और अब उसे मारपीट कर घर से भगा दिया युवती मुख्यालय एवं अधिकारियों का चक्कर लगा रही है और दूसरों के घर रहने को मजबूर है और लोगों से मांग कर अपना भरण पोषण करती है। महिलाओं की सुरक्षा एवं नारी सशक्तिकरण के लिए जहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में मिशन शक्ति की शुरूआत बलरामपुर जनपद से की थी वहीं उन्होंने दावा किया था कि अब महिलाओं के साथ कोई अभद्रता नहीं होगी ना ही महिलाओं का शोषण होगा लेकिन यह चीज शायद कागजों में ही सिमट कर रह गया।पीड़ित युवती मूल रूप से जनपद कुशीनगर की रहने वाली है वह चंडीगढ़ में किसी संस्था में काम कर रही थी जहां युवक अमित दुबे पहले से ही काम करता था और मौका पाकर उसने युवती के साथ पहले बातचीत करके अपनी नजदीकियां बढ़ाई उसके बाद शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण भी करने लगा युवती ने जब शादी करने को कहा तो युवक ने कहा कि बलरामपुर ले चल कर शादी करेंगे लेकिन बलरामपुर लाकर भी युवक ने 6 माह के साथ उसका दुष्कर्म किया

और घर ना ले जाकर अलग-अलग स्थानों पर 6 माह तक रखा जिसके पश्चात युवती को मारपीट भगा दिया अब युवती अपना शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के पास पहुंची जहां पुलिस अधीक्षक ने युवती को आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द अभियोग पंजीकृत कर युवक के ऊपर कार्यवाही करेंगे।



## गैसड़ी पुलिस द्वारा 20 ली0अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



अमर ख्याल / अहमद रजा

बलरामपुर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी नि0 थाना गैसडी के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 दुर्विजय हमराहीयान कां0 संजय कुमार,कां0 राजन यादव व का0 विवेक गौड़ थाना को0 गैसड़ी जनपद बलरामपुर के दौरान क्षेत्र भ्रमण बहद ग्राम मटेहना पेट्रोल पम्प के आगे पुलिया के पास से अभियुक्तगण - रामू पुत्र घनश्याम वर्मा 2- छोटकऊ पुत्र त्रिवेणी मौर्या नि0गण सिरसिहवा थाना को0 गैसड़ी जनपद बलरामपुर को कुल प्लास्टिक की 02 पिपिया में करीब 20लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थानां स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।अभियुक्त का विवरण-1. रामू पुत्र घनश्याम वर्मा 2- छोटकऊ पुत्र त्रिवेणी मौर्या नि0गण सिरसिहवा थाना को0 गैसड़ी जनपद

# कोतवाली जरवा क्षेत्र में 15 वर्षीय दलित किशोरी का हुआ बलात्कार

अमर ख्याल / अहमद रजा

तुलसीपुर बलरामपुर थाना कोतवाली जरवा के अंतर्गत गांव में दलित किशोरी उम्र 15 वर्ष के साथ दूसरे गांव के दो युवक जुहैद उर्फ भल्लू उम्र 23 वर्ष पुत्र अब्दुल हसन और सुहेल पुत्र इसराइल गांव के बाहर पहले से घात लगा कर बैठे हुए थे। जब किशोरी शौच के लिए खेत में जा रही थी तभी उसे पीछे से पकड़ कर गन्ने के खेत में घसीट ले गए। तथा उसे मारे-पीटे और उसके साथ सामूहिक बलात्कार भी किए। पीड़ित देर शाम को शौच के लिए गई थी। काफी समय बीत जाने के बाद वापस नहीं आई तब दूसरे दिन पीड़ित की मां और उसके चाचा विनय शिल्पकार ने बघेलखंड चौकी पर सूचना दी। उसके बाद बघेलखंड चौकी पुलिस के द्वारा गांव के पास जाकर छानबीन के बाद लड़की को गन्ने के खेत में फटे कपड़े और खून से




लथपथ तथा अचेत अवस्था में दूसरे दिन दोपहर में मिली। पीड़ित किशोरी का पिता दिलीप कुमार शिल्पकार अहमदाबाद में मजदूरी करता है। तथा वह घर पर नहीं था। पीड़ित अपनी मां, दो बहन व तीन भाइयों के साथ गांव में रहती थी। पीड़ित की मां और चाचा विनय, दीपक ने थाना कोतवाली जरवा पर जाकर तहरीर दी और पूरी घटना बताई। तब प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार कनौजिया के द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर लिया। और पीड़िता को थाने पर रोक लिए और बलरामपुर अस्पताल में भेज दिए।प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार कनौजिया ने बताया कि पीड़ित के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को राप्ती नहर के पास बुधवार को दोपहर में गिरफ्तार कर लिया गया है। तथा पास्को एक्ट में कार्यवाही की जा रही है।

# तटवर्ती गांवों का अधीक्षण अभियंता ने किया निरीक्षण, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं




अमर ख्याल। प्रवीण दीक्षित

रेउसा सीतापुर। बुधवार को अधीक्षण अभियंता प्रभाकर प्रसाद ने रेउसा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मल्लापुर गांव पहुंचकर परियोजना द्वारा किए गए स्टड निर्माण कार्य का जमीनी निरीक्षण कर अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल से जानकारी ली। साथ ही निर्देशित करते हुए छतिग्रस्त स्टड को पुनः सही कराने के लिए कहा। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि बाढ़ से जो स्टड या बम्बू कैरेट क्षतिग्रस्त हुए हैं उनका पुनः निर्माण कार्य करवा के कटान रोकने का प्रयास किया जाए और जो निर्माण कार्य बचा हुआ है उसे पूर्ण कर फिनिशिंग कराई जाए ताकि गांव को कटान से बचाया जा सके। पासिन पुरवा गांव के पास हो रहे कटान को बंबू कैरेट एवं परकूपैन लगाकर कटान को रोकने के लिए भी निर्देशित किया। सिंचाई विभाग की देखरेख में किए गए स्टीम निर्माण कार्य की सराहना करते अधीक्षण अभियंता प्रभाकर प्रसाद ने अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल की प्रशंसा भी की। साथ ही घाघरा नदी के किनारे बसे गांव कम्हरिया व शेखूपुर बढ़हिन पुरवा के ग्रामीणों से बातचीत की ग्रामीणों ने उन्हें बताया घाघरा नदी गांव के दाहिने साइड में कटान कर रही है

जिस पर अधीक्षण अभियंता प्रभाकर प्रसाद ने बताया गांव को कटान से बचा लिया गया है, पूर्ण तरह से सुरक्षित है जहां पर हल्का फुल्का कटान हो रहा है उसे जल्द ही कटान से रोका जाएगा जो स्टड क्षतिग्रस्त हुए हैं। पानी कम होते ही उन्हें सुरक्षित कर लिया जाएगा बैराजो से लाखों क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जिसके चलते नदियां उफान पर चल रही है। साथ में सहायक अभियंता पुष्कर वर्मा अवर अभियंता आरिफ कमाल सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## थाना को0 देहात पुलिस द्वारा दहेज हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

अमर ख्याल / अहमद रजा

बलरामपुर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना द्वारा वांछित वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्रा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना को0 देहात राजकुमार सरोज के कुशल नेतृत्व में थाना को0 देहात पुलिस टीम उ0नि0 जितेंद्र कुमार, हे0कां0 विनय मौर्य, हे0कां0 प्रभात यादव, कां0 रणविजय सिंह व म0कां0 कविता राज टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजी0 एक्ट से संबंधित अभियुक्त 1. बड़े लाल पुत्र अधीन 2.सीताराम पुत्र बड़े लाल 3.देवी उर्फ प्यारी देवी पत्नी बड़े लाल निवासी गण ग्राम चंदनजोत मश0 साखीरेत थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

अमर ख्याल। प्रवीण दीक्षित

थानगांव सीतापुर। सरकारें भले ही महिला सशक्तिकरण की बातें करती हों लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आती है । आज भी महिलाओं को उत्पीड़न का शिकार बनना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला गत 12 जुलाई की शाम थानगांव थाना क्षेत्र के दायम पुरवा घमौड़ा में देखने को मिला जहां पर एक पिता ने अपनी विवाहिता बेटी के ससुराल जनों पर हत्या कर शव को गायब करने का आरोप लगाते हुए थानगांव थाने में तहरीर दी है परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया दामाद का किसी अन्य लड़की के साथ प्रेमप्रसंग था जिसके चलते पति पत्नी में कई बार विवाद व मारपीट भी हुआ था। ज्ञात हो की घमौडा क्षेत्र के मिश्रीलाल ने अपनी पुत्री पुष्पा का विवाह लगभग 13 वर्ष पूर्व बछमारिया के कमलेश के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ की थी। वहीं थाना पुलिस के द्वारा इस मामले को लेकर जांच जारी है साथ ही शव का पंचनामा भरकर पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। थानगांव पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लगता है बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिकस्थलों पर मांस-मदिरा की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए सीएम से करूंगा बात : आबकारी मंत्री

मीरजापुर। मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन को आये आबकारी मंत्री प्रदेश सरकार नितिन अग्रवाल ने कहा धर्मिकस्थलों पर मांस मदिरा की दुकानों पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष बात रखूंगा। मंगलवार की दोपहर दो बजे आबकारीमंत्री ने मां विन्ध्यवासिनी का विधिवत चरणपूजन किया। दर्शन पूजन के पश्चात होटल रत्नाकर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं काफी समय मे इस पावन दरबार मे हाजिरी लगाता आया हूं। उन्होंने नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा का आभार जताते हुए कहा कि इस दरबार में पार्टी के जनप्रतिनिधि है यह सौभाग्य की बात है। इन्ही के कारण आज मैं यहां आया हूं। विन्ध्यक्षेत्र में मांस, मदिरा पर प्रतिबंध के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर प्रदेश के समस्त धार्मिक स्थलों पर इन वस्तुओं की बिक्री पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगना चाहिए। इस संदर्भ में मैं मुख्यमंत्री के समक्ष यह बात रखूंगा की समस्त धर्मिकस्थलों पर इनकी बिक्री पर पूर्णरूप से पाबन्दी लगे। इस दौरान उनके साथ दर्जनों भाजपाई, आबकारी दल इत्यादि लोग मौजूद रहे। दर्शन पूजन का कार्य राजनपाठक ने सम्पन्न कराया। मन्दिर सुरक्षा प्रभारी चंद्रप्रकाश पाण्डेय सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

### गोताखोरों के अथक प्रयास से 24 घंटे बाद डूबे युवक की मिली लाश

मिजार्पुर। अहरौरा थाना क्षेत्र के चुना दरी जलप्रपात पर जो जिलाधिकारी के आदेशानुसार प्रतिबंधित कर दिया गया था मना करने के बावजूद भी सोमवार के दिन चुना दरी जल प्रपात पिकनिक मनाने जनपद चंदौली के गोपालापुर थाना मुगलसराय निवासी आरिफ 19 वर्ष पुत्र इस्लाम की नहाते समय गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने से मौत हो गई थी लेकिन बॉडी नहीं मिल पाएगी गोताखोर 24 घंटे से लगातार प्रयास कर रहे थे बॉडी को निकालने के लिए अथक प्रयास के बाद आज मंगलवार को दिन में 2:00 बजे आरिफ की डेड बॉडी निकाली गई बॉडी को जल चलो द्वारा क्षत-विक्षत कर दिया गया था पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही करते हुए बॉडी को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और लोगों से आग्रह किया है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में जाने का दुस्साहस ना करें और जान जोखिम में ना डालें।

### क्रूजर वाहन की चपेट में आकर 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत

मिजार्पुर। लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर परसिया गोकुल ग्राम सभा के पास क्रूजर वाहन की चपेट में आकर 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 6:00 बजे के करीब थाना लालगंज के परसिया गोकुल निवासी रमेश हरिजन का 15 वर्षीय पुत्र प्रवीण कुमार किसी कार्य बस राष्ट्रीय राजमार्ग पर गया था उसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित क्रूजर वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने आनन-फानन में घायल किशोर को स्थानीय निजी चिकित्सालय लेकर गए। जहां पर चिकित्सकों ने देखते ही घायल किशोर को मृत घोषित कर दिया किशोर की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर बरौंधा चौकी इंचार्ज अजय कुमार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए विधिक कार्रवाई करने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### 83 किलो गांजा के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 17 लाख

मिजार्पुर। जिले की थाना अहरौरा व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मंगलवार की सुबह 5 गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही स्कार्पियों व स्विफ्ट कार में लदा 83.645 किग्रा अवैध गांजा (जिसकी कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब रूपए 17 लाख की गई है) बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षो को दिये थे। सोमवार की देर शाम लखनिया दरी के पास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तु व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी कि मुखबिर खास द्वारा मादक पदार्थ की सूचना पर सुकृत बार्डर की तरफ से आने वाली स्कार्पियों व स्विफ्ट कार को रोका गया। स्कार्पियों में 2 व्यक्ति बैठे थे तलाशी के दौरान 15 पैकेट में रखा अवैध गांजा व स्विफ्ट में 03 व्यक्ति बैठे थे तलाशी के दौरान 14 पैकेटो में रखा हुआ ( कुल 83.645 किग्रा) अवैध गांजा बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मुअस- 117/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। स्कार्पियों में 2 व्यक्ति बैठे थे तलाशी के दौरान 15 पैकेट में रखा अवैध गांजा व स्विफ्ट में 03 व्यक्ति बैठे थे तलाशी के दौरान 14 पैकेटो में रखा हुआ ( कुल 83.645 किग्रा) अवैध गांजा बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मुअस- 117/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। तस्करों को गिरफ्तार किया गया उनके नाम क्रमशः चन्दन पाण्डेय पुत्र भुवनेश्वर पाण्डेय निवासी कजरिया थाना रायपुर जनपद बक्सर बिहार, उम्र करीब 39 वर्ष, अमित सिन्हा पुत्र अखैरी विमल कुमार निवासी बसौली बड़ी वाली थाना बक्सर जनपद बक्सर बिहार, उम्र करीब 23 वर्ष, मंगल सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी खरिका खीरी थाना रायपुर जनपद बक्सर बिहार, उम्र करीब 24 वर्ष। गूल्लू पुत्र रामेश्वर राम निवासी गोविन्दपुर थाना लालनगर जनपद बक्सर बिहार, उम्र करीब 28 वर्ष, अजीत कुमार पुत्र शिवमुनी सिंह निवासी बधुवार थाना सुरियापुर जनपद रोहतास बिहार, उम्र करीब 32 वर्ष गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस संजय कुमार सिंह (थानाध्यक्ष अहरौरा ), एसओजी, सर्विलांस उनि राजेश जी चौबे के साथ उनकी टीम रही है।







# रिक्रूट आरक्षियों ने देश सेवा का लिया संकल्प

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

अमर ख्याल

सोनभद्र। 42वीं वाहिनी पीएसी नैनी, प्रयागराज से सोनभद्र में प्रशिक्षण के लिए आए 219 रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड मंगलवार को चुर्क स्थित पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजित की गई। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने परेड का निरीक्षण करने के साथ ही सलामी ली तथा सभी रिक्रूट आरक्षियों को पद तथा गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज से संविधान आपका धार्मिक ग्रंथ और खाकी वर्दी आपकी शान है। अच्छा शारीरिक व मानसिक एवं आधारभूत प्रशिक्षण एक व्यक्ति को पुलिस कर्मी बनाने के लिए नितांत आवश्यक है। उन्होंने आरक्षियों से अपेक्षा करते हुए कहां आप सभी गरीब, जरूरतमंद, असहाय, पीड़ित लोगों की मदद को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे तथा प्रदेश व पुलिस विभाग का नाम रोशन करेंगे।

मुख्य अतिथि ने समस्त आईटीआई व पीटीआई तथा अन्तः एवं बाह्य विषयों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। वही दीक्षांत परेड कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के सौरव तिवारी व उप निरीक्षक सरोजमा सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विनोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन विजयशंकर मिश्र, सहित जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखा प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम 11 से

## नागरिकों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना है उद्देश्यः मुख्य विकास अधिकारी

अमर ख्याल

सोनभद्र। आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में मंगलवार को कार्यालय कक्ष में बैठक की गयी।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 11 अगस्त से 17 अगस्त के मध्य किया जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक समूहों के सहयोग से क्रियान्वित किया जाएगा।

उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता सत्र का आयोजन कर ग्राम प्रधानों को शत-प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा नलकूपों इत्यादि स्थानों पर झण्डा फहराने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाये। इसी तरह जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वह स्कूलों में छात्र एवं अभिभावकों के माध्यम से कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में सभी को जानकारी देवे और प्रत्येक सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत ध्वजारोहण किया जाये।

उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्रों में भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जाये और लोगों को तिरंगा झण्डा लगाने हेतु प्रेरित किया जाये।

बैठक में डीडीओ शेषनाथ सिंह चौहान, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, डीसी एनआरएलएम एके जौहरी, जिला विद्यालय निरीक्षक आरपी यादव, जिला अल्प संख्यक अधिकारी राजेश कुमार खैरवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला विवाहिता का शव

अमर ख्याल

बीजपुर(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत डोडहर गांव के जंगल मे मंगलवार की शाम सीधा के पेड़ से साड़ी के सहारे विवाहिता का शव लटकता हुआ पाए जाने से सनसनी फैल गयी। जानकारी के अनुसार डोडहर निवासी राजेश की पत्नी अनिता देवी (30)अपने घर से करीब 12 बजे आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार लेने गयी थी। वो जब शाम तक वापस नही लौटी तो उसका पति राजेश उसको देखने आंगनबाड़ी केंद्र गया लेकिन वो नही मिली आंगनबाड़ी केंद्र से बताया गया कि वो पोषाहार लेकर जा चुकी है। शाम के समय ग्रामीण शौच के लिए जंगल गया तो उसने महिला का शव सीधा के पेड़ से लटकता हुआ देख शोर मचाना शुरू कर दिया । शोर सुन ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए राजेश ने उसे देखा तो चीख मार कर रोने लगा। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतार अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए दुद्धी भेज दिया। वो जब शाम तक वापस नही लौटी तो उसका पति राजेश उसको देखने आंगनबाड़ी केंद्र गया लेकिन वो नही मिली आंगनबाड़ी केंद्र से बताया गया कि वो पोषाहार लेकर जा चुकी है। शाम के समय ग्रामीण शौच के लिए जंगल गया तो उसने महिला का शव सीधा के पेड़ से लटकता हुआ देख शोर मचाना शुरू कर दिया । शोर सुन ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए राजेश ने उसे देखा तो चीख मार कर रोने लगा। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतार अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए दुद्धी भेज दिया।अनिता देवी के एक दो वर्षीय लड़का व दो लड़कियां है उसकी शादी 2012 में हुयी थी और धरणखांड थाना बभनी में उसका मायका था।

# सीएमएस सहित चार चिकित्सकों पर मुकदमा दर्ज होते ही भड़का प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ

## जिला प्रशासन सहित पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

मीरजापुर।जिला महिला अस्पताल पिछले दिनों प्रसूता की मौत के मामले में शहर कोतवाली में जिला महिला अस्पताल के सीएमएस सहित चार चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद चिकित्सक आक्रोशित हो गए हैं। शांति चिकित्सा सेवा संघ के बैनर तले मंडलीय अस्पताल एवं जिला महिला अस्पताल के चिकित्सकों ने इस मामले में कड़ा रुख अख्तियार करते हुए पूरे दिन बांहों पर काली पट्टी बांधकर विरोध स्वरूप जहां कार्य किया है, अपर जिला मजिस्ट्रेट सहित पुलिस अधीक्षक नगर संजय वर्मा को पत्रक सौंप कर महिला चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार करने एवं तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक नगर को सौंपे गए ज्ञापन में चिकित्सकों के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि 9 जुलाई 22 को थाना सिटी कोतवाली में तीन चिकित्सक सहित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के खिलाफ 304 जैसे गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जबकि ना तो कोई जांच की गई ना ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लापरवाही से मृत्यु का मामला सामने आया है। बताया कि चिकित्सकों ने मरीज को बचाने की पूरी कोशिश की फिर भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस तरह बिना जांच व न्याय प्रक्रिया पूरी किए हुए चिकित्सक व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के ऊपर गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज करना न्याय प्रक्रिया का उल्लंघन है।

बताया गया कि पूर्व में राजस्थान के एक महिला चिकित्सक के ऊपर इसी तरह गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कर दिया गया जिसकी वजह से तनाव में आकर उन्होंने आत्महत्या कर लिया था।

कहा कि पुलिस के इस कार्यवाही से सभी चिकित्सक बहुत आहत हैं तथा राजकीय कार्य करने के दौरान तनाव व डर का माहौल बना हुआ है, जबकि घटना के दिन मरीज के साथ में कुछ लोग एक अराजक तत्व चंदन दुबे द्वारा हॉस्पिटल में तोड़फोड़ की महिला व पुरुष चिकित्सा कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया तथा डॉक्टर के साथ गाली गलौज किया।

# कावंड़ यात्रा में त्रिशूल व तलवार लेकर चलने पर रहेगा प्रतिबन्ध : भैया एसपी सिंह

अमर ख्याल

बीजपुर (सोनभद्र)। आगामी सावन महीने भर मंदिरों में दर्शन पूजन और कांवड़ यात्रा को लेकर प्रभारी निरीक्षक भैया एसपी सिंह ने जरहा स्थित अजीरेश्वर धाम परमार्थ जनसेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों संग सोमवार को एक बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बृहद चर्चा की और शासन की ओर से जारी गाइड लाइन के विषय मे लोगों को अवगत कराया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था उनकी प्राथमिकता में है लेकिन यात्रा में त्रिशूल और तलवार लेकर चलने पर पूर्णरूप से प्रतिबन्ध रहेगा। अगर किसी को लेकर चलना है तो उसके लिए मजिस्टेट से परमिशन आवश्यक होगा। उन्होंने कहा की कांवड यात्रा के दौरान डीजे लेकर चलने की छूट है लेकिन डीजे की आवाज कम



कर के बजानी होगी। कांवड यात्रा जिस मार्ग से गुजरेगी उस रास्ते या सड़क किनारे माँस-मीट की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। भीड़ भाड़ में माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर पहले ही उनपर करवाई की जाएगी। समिति की ओर से सुझाव पर बड़ी गाड़ियों के आवागमन को लेकर प्रत्येक सोमवार को पूरब में बकरिहवा और पश्चिम में बीजपुर में ही रोक लगाने की माँग की गई तथा बसों के संचालन में तेज गति पर अंकुश लगाने का सुझाव दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्याप्त पुलिस बल महिला पुलिस और पीएसी बल के जवान मंदिर परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रहेगें। इस अवसर पर मंदिर समिति से राजकुमार सिंह, त्रिभुअन नारायण सिंह, श्याम सुन्दर जायसवाल, गणेश शर्मा, डॉ ब्रमजीत सिंह, मुन्ना सिंह, ग्राम प्रधान पति विनोद भारतीय, तफशील शेख, मुहमद सफीक सहित अनेक संभ्रात जन उपस्थित थे।

# आखिर बाबा का बुलडोजर चल ही गया, वनभूमि में अबैध तरीके से बना मकान जमींदोज

अमर ख्याल, बीजपुर (सोनभद्र)। बीजपुर बाजार के उत्तर पटरी पर वन विभाग ने बुलडोजर चला अपनी भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर डीएफओ रेनुकूट मनमोहन मिश्रा के नेतृत्व में भारी संख्या में वनकर्मी व पुलिस बल के साथ बुलडोजर लेकर बीजपुर स्थित उतर पटरी पर वन भूमि पर बने एक मकान को ढहाने पहुंच कर आनन फानन में मकान पर बुलडोजर चला मकान को मिट्टी में मिला दिया। बताते चले कि विगत 27 जून को भी तहसील विभाग बुलडोजर लेकर उक्त मकान को




ढहाने पहुंचा था लेकिन मौके पर मकान मालिक द्वारा बताया गया था कि उक्त भूमि वन विभाग की है जिसका केस चल रहा है। इसलिए यह मामला उस वक्त अधर में लटक गया और तहसील विभाग की टीम भारी फोर्स के साथ बैरंग वापस लौट गयी थी। डीएफओ मनमोहन मिश्रा ने बताया कि उक्त जमीन का केश न्यायालय में चल रहा था जिसे विगत 2 जुलाई को वन विभाग जीत गया और जमीन को कब्जा मुक्त कराने का आदेश मिला था। इस मौके पर नायाब तहसीलदार विशाल पासवान,लेखपाल संतोष यादव,राघवेंद्र वर्मा , वन क्षेत्राधिकारी जरहा राजकुमार मौर्य, डिप्टी रेंजर पिपरी धीरेंद्र मिश्रा, राजीव कुमार,संजीव कुमार,नूर आलम,उपनिरीक्षक विनोद यादव के साथ काफी संख्या में पुलिस व वन कर्मी मौजूद रहे।

# सास बेटा बहु सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमर ख्याल

आजमगढ़। परिवार नियोजन कार्यक्रम को और मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवर को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य के दलसिंगार में सास बेटा बहु सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आईएन तिवारी ने किया इस मौके पर 10 सास बेटा और बहु को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गयो

डॉ तिवारी ने कहा कि ऐसे परिवार जो स्वस्थ परिवार के लिए परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए आगे आये हैं ऐसे परिवार के सास बेटा और बहु को सम्मानित किया जाएगा। छोटा परिवार खुशहाल परिवार एवं मातृ एवं शिशु मृत्यु-दर में कमी लाने में काफी सहयोग मिलेगो साथ ही परिवार नियोजन को बल मिलेगा और जनसंख्या स्थिरीकरण का उद्देश्य भी सफल होगो

परिवार नियोजन विशेषज्ञ ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने गांव स्तर पर सास बेटा बहु सम्मेलन का आयोजन किया जाएगो खास कर सास- बहु दोनों को एक साथ जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जाएगा `सास-बहू स्वस्थ समाज की आधारशिला है` इन दोनों के जागरूक होने से परिवार व मुहल्ले में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाना है `सामाजिक व्यवस्थाओं के तहत बहु को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए या दो बेटी है तो बेटा होने के लिए`इन सब मुद्दों के लिए परिवार का बड़ा महत्व है खासकर घर की सबसे बड़ी व बुजुर्ग महिला कोबहु का निर्णय कहीं ना कहीं सास की विचारधाराओं से प्रभावित रहता है



परिवार नियोजन के लिए सास-बहु का सामंजस्य महत्वपूर्ण है इसके कारण सास और बहु को एक मंच पर साथ लाकर जागरूक किया जाएगो इसमें नव दंपति उच्च जोखिम वाली महिलाए ,साथ ऐसे योग्य दंपति जिनके दो या तीन बच्चे के बाद परिवार नियोजन से संबंधित साधनों का उपयोग करते हुये सीमित परिवार कराते हुये आदर्श दंपति की भूमिका निभा रहे हैं।

# जन-जन तक जल पहुंचाना है, जल संचयन अपनाना है स्लोगन के तहत मनाया जाएगा भूजल सप्ताह

**अमर ख्याल, आजमगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला ने बताया कि भूगर्भ जल के उपयोग में लगातार वृद्धि एवं गिरते भूजल स्तर तथा आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए जन-सामान्य में इसके संरक्षण, प्रबन्धन, विवेकयुक्त उपयोग एवं विकास तथा विनियमित दोहन के प्रति जागरूकता की दृष्टि से मुख्य सचिव महोदय नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-3 उ0प्र0 शासन द्वारा भूजल सप्ताह मनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस वर्ष इसका मुख्य विचार बिन्दु ़जन-जन तक जल पहुंचाना है, जल संचयन अपनाना है़ रखा गया है, जिस पर उक्त आयोजन केन्द्रित रहेगा। उन्होने बताया कि शासनादेश में निहित दिशा-निर्देशानुसार आगामी 16 जुलाई 2022 से 22 जुलाई 2022 के मध्य जनपद, तहसील, विकासखंड, ग्राम स्तर पर भूजल सप्ताह के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में दि0 18 जुलाई 2022 को 12.00 बजे विकास भवन में बैठक का आयोजन किया गया है। जिस हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना तैयार कर बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## प्रदेश सरकार फेयर प्राइस शॉप डीलरों की बढ़ाना चाहती है आमदनी- अजीत राय

अमर ख्याल

रतनपुरा मऊ। उत्तर प्रदेश सरकार फेयर प्राइस शॉप डीलरों के आय में वृद्धि चाहती है, यही वजह है कि वह पूरे प्रदेश के 80 हजार फेयर प्राइस शॉप डीलरों को सीएससी (जन सेवा केंद्र) के माध्यम से उनके आमदनी बढ़ाना चाहती है। सीएससी के माध्यम से उचित दर विक्रेता अपने आय के संसाधनों को बेहतर बना सकते हैं, जिसमें वे बिजली का बिल ,आय ,जाति और निवास प्रमाण पत्र, बैंकिंग सेक्टर का कार्य, बीमा , जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि का कार्य करके वे अपने आय के संसाधनों को मजबूत बना सकते हैं। यह विचार सीएससी के जिला प्रबंधक अजीत राय के हैं वह जनपद मुख्यालय स्थित तहसील सभागार में व्यक्त कर रहे थे।

अजीत राय ने कहा कि जिले के सभी फेयर प्राइस शॉप डीलरों को प्रशिक्षित करके उन्हें आईडी प्रदान कर देंगे। जिसके माध्यम से वे जन सेवा केंद्र चलाकर अपने आय की वृद्धि करेंगे। यह कार्य राशन वितरण के अलावा होगा। वे अपने इस जन सेवा केंद्र के माध्यम से आम जनों को आधार कार्ड के जरिए भुगतान का कार्य भी करेंगे। इस गोष्ठी में अजीत राय के अतिरिक्त जिला प्रबंधक पंकज यादव ने भी उचित दर विक्रेताओं के शंकाओं का समाधान किया। और बताया कि फिलहाल आय, जाति और निवास के प्रमाण पत्र बनाने में थोड़ा विलंब हो सकता है। बाकी के कार्य बदस्तूर चलते रहेंगे।

इस गोष्ठी में प्रमुख रूप से पूर्ति निरीक्षक हर्षिता राय, उमाकांत यादव,उपेंद्र यादव, अरविंद सिंह, फतेहबहादुर गुप्त ,अरविंद कुमार सिंह गुड्डू ,अखिलेश चौहान, राम कठिन यादव, दुर्गेश कुमार, केदार सिंह, धूपेंद्र सिंह, शैलेश राजभर, राकेश कुमार गुप्ता इत्यादि प्रमुख थे।

## 750 वर्ष प्राचीन सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर आज गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा

अमर ख्याल

**सुजीत कुमार सिंह**

गाजीपुर - आध्यात्म जगत में एक तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात लगभग 750 वर्ष प्राचीन सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर 13 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्वजनपद ही नहीं वरन देश के कोने कोने से पहुंचने वाले शिष्य श्रद्धालु पीठाधिपति महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानीनन्दन यति जी महाराज का श्रद्धा भाव से पूजन अर्चन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके साथ ही सिद्धपीठ के 26 वें पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति जी महाराज के 27 वें चतुर्मास महायज्ञ का भी शुभारंभ होगा। विगत दो वर्ष तक कोरोना संक्रमण के चलते संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन होने के बाद इस वर्ष वृहद पैमाने पर गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। गुरु पूर्णिमा पर्व पर सिद्धपीठ में गुरु पूजन अर्चन के साथ ही सिद्धिविनायक गणेश पूजन, देव आह्वान, शिव रुद्राभिषेक पूजन, नक्षत्र पूजन, नवग्रह पूजन के साथ ही अनवरत दो माह तक चलने वाले पारंपरिक चातुर्मास महायज्ञ का शुभारंभ हो जाएगा। गौरतलब है कि सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी श्रीभवानीनंदन यति महाराज द्वारा सिद्धपीठ की गद्दी पर आसीन होने के बाद सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर महादेव, त्रयम्बकेश्वर महादेव, घृष्णेश्वर महादेव, भीमाशंकर महादेव, ओम्कारेश्वर, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, बाबा विश्वनाथ, रामेश्वरम, मल्लिकार्जुन महादेव, केदारनाथ महादेव, बाबा वैद्यनाथ देवधर, परली वैद्यनाथ व नेपाल स्थित पशुपति भगवान के प्रांगण के साथ ही देश के कोने-कोने में स्थित देवाधिदेव भूत भावन भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग स्थानों पर चातुर्मास महायज्ञ संपादित किए गए हैं। फिलहाल पिछले कुछ वर्षों से चातुर्मास महायज्ञ का संपादन सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर किया जा रहा है। इस वर्ष भी वर्षा ऋतु पर्यंत परंपरागत और धार्मिक रीति नीति के अनुसार लगातार दो माह तक चलने वाले इस अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पड़ने वाले नागपंचमी, रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी सहित सभी विशेष पर्व और त्योहार पर विशेष पूजन अर्चन किया जाएगा। इसी क्रम में जखनियां तहसील मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर स्थित सिद्धपीठ भुड़कुड़ा मठ में शिष्य समुदाय द्वारा पीठाधिपति महंत शत्रुघ्न दास का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद ग्रहण किया जाएगा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक का वनविहार कार्यक्रम कुंडसर में सम्पन्न



अमर ख्याल

रतनपुरा, मऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड इकाई का वनविहार कार्यक्रम कुंडसर ग्राम पंचायत में संघ सेवकों ने उत्साह पूर्वक मनाया इस कार्यक्रम में जिला प्रमुख राजेश पांडे एडवोकेट ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संघ के स्थापना से लेकर अब तक के कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में सामाजिक सद्भावना के वातावरण को मजबूत करने में संघ की प्रमुख भूमिका रही है देश में जहां कहीं भी आपदाएं आती हैं संघ के स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संघ ने समाज के विभिन्न वर्गों को राष्ट्रीय अस्मिता एवं भारतीय संस्कृति से जोड़ा है तथा कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारतीय संस्कृति की अविरल रस धारा प्रवाहित कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश को एकता अखंडता के सूत्र में बांधने का जो अभिनव प्रवास किया है आज सभी उसका लोहा मानते हैं विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है शाखाओं के माध्यम से एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आज संघ देश के हर गांव गांव तक पहुंच गया है।

## मण्डलीय प्रोग्राम को लेकर एक बैठक संपन्न

अमर ख्याल

घोसी मऊःदवा विक्रेता कल्याण समिति घोसी की एक बैठक अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में एस, बी, मेडिसीन सेंटर पर संपन्न हुई, जिसमें मऊ से आए हुए जिलाध्यक्ष शिव जी राय, महामंत्री प्रवीण पाण्डेय, जमील अंसारी, राजेश सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की, अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि आनलाइन दवाएं की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने एवं फार्मासिस्ट की समस्या को लेकर आगामी 17जुलाई 2022 को मंडल स्तरीय मीटिंग का आयोजन बलिया मोड़ मऊ के राय पैलेस में किया गया है जिसमें 14 जिलों के दवा व्यापारी भाग लेंगे । इस मीटिंग में सभी समस्याओं पर विचार विमर्श करने के बाद जिलास्तरीय बंदी की घोषणा की जायेगी, जिलाध्यक्ष शिव जी राय ने कहा कि किसी भी हाल में आनलाइन दवा की बिक्री नहीं करने दी जायेगी क्योंकी यह अनलाइन दवा सप्लाई करने वाले कंपनी युवाओं में नशे की गोली से लेकर नकली दवाएं तक बेंच रहे हैं, महामंत्री प्रवीण पाण्डेय ने कहा कि यह आनलाइन दवाएं सप्लाई करने वाले कंपनी युवाओं को खराब करते हुए उनका भविष्य अंधेरे मे डालने का कार्य कर रहे हैं जिसको किसी भी हाल में चलने नहीं दिया जायेगा, महामंत्री निर्भय पांडेय ने कहा कि जल्द से जल्द भारत सरकार इसपर रोक लगाए नहीं तो हम प्रदेश स्तर पर बंदी करने के लिए बाध्य हो जायेंगे, अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि भारत सरकार अंग्रेजो द्वारा बनाए गए काले कानून को वापस ले,1940 का बना कानून आजतक चल रहा है जबकि आज के परिवेश में सारी दवाएं कंपनी द्वारा बनी बनाई आ रही हैं केवल डाक्टर का पर्चा पढ़कर दवा देना है जिसको बेचनें के लिए फार्मासिस्ट की आवश्यकता नहीं है ।सभी से 17जुलाई को होने वाली मीटिंग में आने के लिए निवेदन किया गया, जिलाध्यक्ष शिव जी राय, महामंत्री प्रवीण पाण्डेय, अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय, महामंत्री निर्भय पांडेय, सचिव रमेश चंद्र सिंह, संरक्षक तीर्थराज सिंह, संगठन मंत्री अनुपम श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा, जमील अंसारी, अश्वनी पाण्डेय, दीपक कुमार, राजन बरनवाल, साहित सभी सदस्य गण मौजूद रहे । अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने सभी का आभार प्रकट किया।




# तकरीबन 3 करोड़ की लागत से जिले में बनने वाले 5 अमृत सरोवर का शिलान्यास

## अपने कार्यकाल का 1 वर्ष पूरा होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को दिया ब्यौरा

गाजीपुर।जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह के 1 साल के कार्यकाल पूर्ण होने पर एक साल में हुए , कार्य की उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही तकरीबन 3 करोड़ की लागत से जिले में बनने वाले 5 अमृत सरोवर का शिलान्यास किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने बताया कि गाजीपुर के जिला पंचायत में पिछले 1 साल में 77 करोड़ की लागत से 533 कार्य स्वीकृत किए गए ।जिसके सापेक्ष अब तक 355 कार्य पूर्ण हो चुके हैं।शेष 178 कार्य अभी प्रगति पर है। बता दें कि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह अपने कार्यकाल के 1 साल पूरा होने पर जिला पंचायत द्वारा कराए गए उपलब्धियों को बताने के लिए जिला पंचायत हाला में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान ये भी बताया कि शासन से गाजीपुर को 5 अमृत सरोवर बनाने का बजट पास हो चुका।जिसका शिलान्यास किया गया। ये अमृत सरोवर कासिमाबाद में एक, बिरनो में 1, मोहमदाबाद में 1 और सैदपुर में 2 अमृत सरोवर दो करोड़ 95 लाख की लागत से बनाया जाना है।वहीं उन्होंने बताया कि इससे पूर्व के जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा 1 साल के पूर्ण होने पर अब तक इस



तरह का कोई भी कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाता रहा है। 1 साल के अंदर जिला पंचायत से कुल 77 करोड़ की लागत से 533 में 355 कार्य को पूर्ण कर लिया गया है और शेष 178 कार्य प्रगति पर चल रहे हैं ।साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि 2021 - 22 में जिला पंचायत की आय करीब आठ लाख थी। जिसे बढ़ाकर 2022- 23 में तकरीबन 45 लाख तक आय बढ़ाया गया है जो गत वर्ष के आय से 5 गुना से ज्यादा हो गया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिला पंचायत के द्वारा ग्रामीण इलाकों में 25000 एलईडी लाइट लगाए जा रहे हैं।

## जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के तहत आयोजित हुआ सास बहू बेटा सम्मेलन

अमर ख्याल, गाजीपुर। जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक पूरे जनपद में सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कई स्वास्थ्य केंद्रों पर सोमवार को सास बहू बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदबाद के कोठिया ग्राम सभा में ग्राम प्रधान प्रीति राय की अध्यक्षता में सास बहू बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर के कई स्वास्थ्य केंद्रों पर सास बहू और बेटा सम्मेलन का आयोजन कर परिवार नियोजन के संबंध में जानकारी दी गई ।साथ ही विभाग की तरफ से उन्हें शगुन किट भी उपलब्ध कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद के अधीक्षक डॉ आशीष राय ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य सास-बेटा-बहू के बीच संबंध, समन्वय और संवाद के जरिये परिवार नियोजन को लेकर बेहतर माहौल कायम किया जाना है।इससे वह प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति अपनी अवधारणाओं, व्यवहार एवं विश्वास में बदलाव ला सकें। प्रायः देखने में आता है कि परिवार में अधिकतर निर्णय में पुरुष की सहमति सर्वोपरि होती है।इस लिए सास-बहू सम्मेलन के दौरान पुरुष सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बेटे का प्रतिभाग किया जाना आवश्यक है। ग्राम प्रधान कोठिया प्रीति राय ने बताया कि सास बहू सम्मेलन आयोजन का मुख्य उद्देश्य हम दो हमारे दो की अवधारणा को लेकर चलेंगे तभी हम जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ जो शासन के द्वारा चलाया जा रहा है उसको हम अमली रूप दे सकते हैं।जिसके लिए शासन के द्वारा निशुल्क संसाधन भी उपलब्ध कराए गए हैं। हम इसे अपनाकर अपने परिवार में खुशियां लाने के साथ है जनसंख्या को स्थिर कर सकते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर के अधीक्षक डॉ संजीव सिंह ने बताया कि सास बहू बेटा सम्मेलन सैदपुर ब्लॉक के कई स्वास्थ्य केंद्रों पर क्षेत्र की आशा और एएनएम के माध्यम से किया गया। और इस कार्यक्रम में परिवार की बहू बेटा और सास को बुलाकर उन्हें परिवार को कैसे बेहतर रखा जाए इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।



# परमा नंद सिंह : नाम तो सुना होगा

एक प्रमाणपत्र पर हिंदी नाम गलत हुआ और इस तरह से परमानंद सिंह परमा नंद सिंह हो गये और गाजीपुर को पी एन सिंह मिले।डॉ पी एन सिंह भावुकता पर बौद्धिकता को तरजीह देते थे। उनके निधन से समूचा साहित्य जगत मर्माहत है।उनकी मृत्यु पर आये भावुक संदेशों में उन्हें गाजीपुर का अंतिम साहित्यिक स्तम्भ और वामपंथ का अंतिम योद्धा इत्यादि कहा गया। अपने समूचे लेखकीय जीवन में वह भावनात्मक अतिरंजना को अच्छे लेखन का शत्रु मानते रहे।मंचीय काव्य प्रस्तुतियों में उन्हें साहित्य नहीं दिखता था। यह सच है कि उनके जीवित रहते ही, यहाँ के साहित्य जगत में उनके नाम पर एक कल्ट या पंथ बन चुका था। इसे वह हल्की मुस्कान के साथ स्वीकार करते थे।

वैचारिक जगत निरपेक्ष बुद्धिजीवियों से चलता है। डॉ पी एन सिंह बुद्धिजीवी शब्द के औचित्य पर प्रश्न खड़ा करते थे। आजीविका में रत और सामाजिक सरोकारों से दूर व्यक्ति बुद्धिजीवी हो सकता है लेकिन जो अपने अनुभव, अनुशीलन और ज्ञान को सामाजिक उपयोग में बदल दे ऐसा व्यक्ति बुद्धिधर्मी कहा जाता है।डॉ पी एन सिंह बुद्धिधर्मियों को बुद्धिजीवियों से श्रेष्ठ मानते थे। उनके लेखन में दो टूकपन, पैनापन और सयानापन है। उनके लेखन में सामाजिक न्याय की राजनीति को जातिवादी और राष्ट्रवादी राजनीति को साम्प्रदायिक कहने का दुर्लभ बौद्धिक साहस भी था जिसे सुनना अब असंभव है।

अब हिंदी समाज का पढ़ा लिखा व्यक्ति आत्मकेंद्रित होता जा रहा है और ऐसे लोग लेखक नहीं बन सकते । जिंदा कौमें अपनी विरासत नहीं भूलतीं और इसलिये डॉ पी एन सिंह भारत में संवाद की लुप्त हो रही संस्कृति पर चिंतित थे। यह चिंता उनके समालोचना के केंद्र में है। गहन विचार विमर्श के बीच से ही महान संस्कृतियों का जन्म होता है। वह



मानते थे कि वामपंथी देश होने के बावजूद सोवियत संघ ने यातना और दमन के चक्र के द्वारा केवल समर्थक बुद्धिजीवियों को रहने दिया इसीलिए उसके गिरने पर उसे उठने और मुसीबत से बाहर निकलने का रास्ता बताने वाले बुद्धिजीवी नहीं रह गये। पूंजीवाद ने अपने विरोधी बुद्धिजीवियों को भी प्रश्रय दिया। इसलिये जब भी पूरे विश्व ने सोचा कि यह पूंजीवाद की आखिरी घड़ी है, उसी समय उसके किसी न किसी बुद्धिजीवी ने उन्हें उबरने का रास्ता बता दिया और वह बचा रह गया।

डॉ पी एन सिंह संवाद की संस्कृति को संवारने का काम करते रहे। उन्होंने अपने श्रम से गाँधी, अम्बेडकर और मार्क्स के वांग्मय का अध्ययन कर तर्क के साथ राष्ट्रीय महत्व के प्रश्नों पर हस्तक्षेप किया। वह बातों को केवल टाल देने या समर्थन करते जाने को सार्थक हस्तक्षेप नहीं मानते थे। मार्क्सवादी चिंतक धर्म व धार्मिकों को एक सिरे से खारिज कर देते हैं। लेकिन डॉ पी एन सिंह मानते थे कि , धर्म से नहीं, धर्मान्धिता से लड़ने की जरूरत है ॡ डॉ सिंह सबकी बात करते थे, गाँधी अम्बेडकर से लेकर ग्राम्शी नीत्शे तक।

उनके लेखन की दो विशेषताएं हैं झ लुसिदिटी और क्लैरिटी। यह संकट का समय है जब सच सुनने के लिए इंसान और धैर्य दोनों नहीं हैं। डॉ पी एन सिंह ने अपने लेखन से समझौता नहीं किया। उनकी अपनी समझ, अपनी धरा, अपना सच और उसे कहने का ढंग भी बिलकुल अपना। एडवर्ड सईद के अनुसार दो तरह के इंटेलेक्चुअल हैं झ प्रोफेशनल और अमातयूर। प्रोफेशनल इंटेलेक्चुअल के लिए सत्ता ने बाजार खोल रखे हैं जहाँ किसी न किसी दल से जुडकर बुद्धिजीवी सुरक्षित हैं। जबकि अमातयूर इंटेलेक्चुअल मंच, सभा और सत्ता में या इनसे दूर पूरे साहस और सफाई के साथ निर्णायक भाषा में अपना सच बोलता है। डॉ पी एन सिंह एक ऐसे ही अमातयूर इंटेलेक्चुअल हैं जिसके अंदर आत्म अतिक्रमण की शक्ति है। वह सचल बुद्धिजीवी थे जो स्वयं लोगों के पास जाते थे। आत्म अतिक्रमण के बिना लोगों से अच्छी तरह नहीं जुड़ा जा सकता है। डॉ पी एन सिंह की बुद्धिधर्मी यात्रा एक शानदार पड़ाव परआकर रुक गयी। उनका लेखन लोगों को पढ़ते लिखते रहने और इसके द्वारा परिवेश को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उनके विशिष्ट व्यक्तित्व की सरलता, संवादधर्मिता, निर्मम समालोचना और अध्ययनशीलता सभी को याद आयेंगे। एकांत के क्षणों में भी डॉ सिंह के मुंह से कभी हलकी या ओछी बात नहीं निकलती थी। इसका अर्थ यही हुआ कि आप अपनी महानता का ढोंग एक पर या दो पर एक साल या 10 साल के लिए थोप सकते हैं, लेकिन यदि आपको आगे बढना है तो सरल निष्कपट होना पड़ेगा झ बिलकुल डॉ पी एन सिंह की तरह।

**माधव कृष्ण**
**निदेशक, द पी आई एस**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।